
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 28 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 07 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

# 6 देशों के 16 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने देखा बिहार चुनाव

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीवंत लोकतांत्रिक प्रक्रिया को देखने के लिए छह देशों के 16 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का एक समूह बिहार पहुंचा था। इस दल में इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, फिलीपींस, कोलंबिया, थाईलैंड और बेल्जियम के चुनाव अधिकारी और राजनयिक शामिल थे। यह दल भारतीय चुनाव आयोग के अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम (आईईवीपी) के तहत भारत का दौरा कर रहा था।

प्रतिनिधियों ने चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं जैसे मतदान केंद्रों की व्यवस्था से लेकर तकनीक के उपयोग और मतदाता सुविधा तक का अवलोकन किया और इस बात की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की कि भारत अपने विशाल चुनावों को कैसे कुशलता और पारदर्शिता के साथ संचालित करता है। इंडोनेशिया के कोमिसी पेमिलिहान उमुम (केपीयू) के आयुक्त इधम होलिक ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, “बिहार में मेरा अनुभव बहुत प्रेरणादायक रहा है। हर कोई देख



सकता है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हैं। भारत वास्तव में लोकतंत्र की भूमि है।”

दक्षिण अफ्रीका दूतावास के मशुदुबेले सेदुला मामाबोबो ने भारतीय चुनाव प्रणाली में तकनीक के इस्तेमाल की सराहना की। उन्होंने कहा, “बिहार के चुनाव अद्भुत हैं। हमने बहुत सी ऐसी बातें सीखीं जो हम दक्षिण अफ्रीका में साझा कर सकते हैं। हमने कठिन सवाल पूछे और अधिकारियों ने संतोषजनक जवाब दिए।” उन्होंने कहा कि भारत में इस्तेमाल की जाने वाली डिजिटल प्रणाली दक्षिण अफ्रीका की कागजी प्रक्रिया से कहीं आगे है। बिहार के मतदाताओं में उत्साह अद्भुत देखने को मिला है।

फिलीपींस गणराज्य के दूतावास के रोजेलियो बी. सिल्वा जूनियर ने भी भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) और बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ‘उत्कृष्ट व्यवस्था’ की सराहना की। उन्होंने कहा, “हम पारदर्शी और तेज चुनाव प्रक्रिया से प्रभावित हुए। नवाचार और तकनीक का मिश्रण नागरिकों के लिए मतदान को आसान बनाता है।” अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम अन्य देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के चुनाव प्रबंधन निकायों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग और जुड़ाव के लिए ईसीआई का एक प्रमुख कार्यक्रम है।

अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम 2014 में शुरू हुआ था और चुनाव प्रबंधन निकायों एवं वैश्विक लोकतांत्रिक संस्थानों के साथ अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव के लिए ईसीआई के प्रमुख मंच के रूप में कार्य करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, भारत अपनी चुनावी सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करता है और भागीदार देशों के साथ पारस्परिक शिक्षा को बढ़ावा देता है।

## बिहार में आजादी के बाद सबसे अधिक वोटिंग दे रही बड़े संकेत!

### कांटे की टक्कर या एकतरफा विजय, कौन सा फैक्टर

बिहार में 1951 से अब तक के 17 विधानसभा चुनावों में केवल 1990, 1995 और 2000 में ही 60% से अधिक वोटिंग हुई थी. वर्ष 2000 में वोटिंग का आंकड़ा 62.5% तक पहुंच गया था. इस बार पहले चरण के मतदान का टर्नआउट 60.13 प्रतिशत रहा. अंतिम आंकड़ा 65 प्रतिशत तक जाने का अनुमान है.

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण में रिकॉर्ड वोटिंग हुई. आंकड़ों पर गौर करें तो इस बार आजादी के बाद सबसे अधिक मतदान के संकेत हैं. मतदाताओं ने पहले चरण के चुनाव में जबरदस्त उत्साह दिखाया है. 6 नवंबर को 18 जिलों की 121 सीटों पर हुए मतदान में शाम 5 बजे तक कुल 60.13% वोटर टर्नआउट दर्ज किया गया, जो 2020 के पहले चरण (55.81%) से काफी अधिक है. अंतिम आंकड़े 64-65 प्रतिशत तक जाने का अनुमान है. यह आंकड़ा न केवल हाल के चुनावों का रिकॉर्ड तोड़ता है, बल्कि आजादी के बाद बिहार के विधानसभा चुनावों में भी सबसे ऊंचा मतदान प्रतिशत साबित हो सकता है. 1951 से अब तक के 17 विधानसभा चुनावों में केवल 1990, 1995 और 2000 में ही 60% से अधिक वोटिंग हुई थी. वर्ष 2000 में वोटिंग का आंकड़ा 62.5% तक पहुंच गया था. इस बार का टर्नआउट लोकतंत्र की मजबूती का संकेत है.

# सीतामढ़ी में सीएम योगी की हुंकार, बोले- जो राम का नहीं, वह हमारे किसी काम का नहीं

सीतामढ़ी, 6 नवंबर। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सीतामढ़ी जिले के परिहार और सुरसंड विधानसभाओं में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। परिहार से भाजपा प्रत्याशी गायत्री देवी और सुरसंड से जदयू प्रत्याशी नागेंद्र राउत के पक्ष में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बिहार की जनता अब पहचान का संकट से निकलकर, विकास



का विकल्प चुन रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भगवान श्रीराम और जानकी पर सवाल उठाए उनको सबक सिखाना है, क्योंकि जो राम का नहीं है, वह हमारे किसी काम का नहीं है।

माता जानकी की जन्मभूमि की धरती को नमन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह वही क्षेत्र है जिसे भगवान श्रीराम के अनुज लक्ष्मण के वंशजों ने संरक्षित किया था। यह माता सीता की भूमि है, जिसे नमन करना हर भारतीय का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि परिहार और गोरखपुर के बीच आस्था और संस्कार का गहरा रिश्ता है। यहाँ के लोग गोरखनाथ बाबा को खिचड़ी चढ़ाने आते हैं, गोरखपुर के बाजारों में यहीं के लोगों की पहचान है। यह हजारों वर्षों की एक साझा विरासत है, राम और जानकी की विरासत।

**पहचान का संकट पैदा करने वालों को बिहार की जनता ने नकारा**


सीएम योगी ने जनता से सवाल किया कि कौन थे वे लोग जिन्होंने बिहार के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया?” उन्होंने कहा कि जिस बिहार ने देश को बुद्ध, महावीर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश नारायण और कपूरी ठाकुर दिए, उस बिहार को RJD और कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और अराजकता में झोंक दिया था। सीएम योगी ने कहा कि बिहार के नौजवानों ने अपनी मेधा से दुनिया में नाम कमाया, लेकिन कांग्रेस-राजद ने उसी बिहार की पहचान धूमिल की।

# काशी में प्रबुद्धजनों से पीएम मोदी करेंगे संवाद, सीएम योगी भी रहेंगे साथ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। यात्रियों की सुविधा, समय बचाने और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से रेल यातायात की बड़ी सौगात देने वाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने काशी दौरे के दौरान देशवासियों को 4 वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देंगे। इसमें एक वाराणसी से खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात खास काशीवासियों के लिए होगी है। पीएम के कार्यक्रम में बनारस (पूर्व का मंडुवाडीह) स्टेशन पर शहर के गणमान्य लोगों को सम्बोधित करना भी प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात नवंबर शुक्रवार की शाम लगभग पांच बजे दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचेंगे। पीएम विशेष विमान से लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर आएंगे। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य लोग प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगे। पीएम एयरपोर्ट से बरेका जाएंगे।





**देंगे चार नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात**

प्रधानमंत्री आठ नवंबर को बनारस स्टेशन से देश को 4 वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात देंगे। इनमें एक विशेष ट्रेन वाराणसी से खजुराहो के बीच चलेगी, जो काशीवासियों और पूर्वांचल के लिए एक बड़ा उपहार मानी जा रही है। प्रधानमंत्री इस ट्रेन को बनारस (पूर्व मंडुवाडीह) रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा लखनऊ से सहारनपुर, फिरोजपुर से दिल्ली और एनार्कुलम से बेंगलुरु जाने वाली अन्य स्थानों की 3 वंदे भारत एक्सप्रेस को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ट्रेनों के लोकार्पण के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री बनारस रेलवे स्टेशन पर गणमान्य लोगो से संवाद भी कर सकते हैं।

**पर्यटन उद्योग को मिलेगा नया आयाम**

बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस की सीधी कनेक्टिविटी से वर्तमान में संचालित विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट का समय बचाएगी। बनारस–खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। यह संपर्क न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को मजबूत करेगा, बल्कि श्रद्धालुओं और यात्रियों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक तेज, आधुनिक और आरामदायक यात्रा का अनुभव भी प्रदान करेगा। ये ट्रेन पर्यटन उद्योग को भी नया आयाम देगा।

**पीएम मोदी का होगा जोरदार स्वागत**

भाजपा कार्यकर्ता सात नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विभिन्न जगहों पर स्वागत करेंगे। बीजेपी कार्यकर्ता संत अतुलानंद बाईपास, जेपी मेहता के पास, बरेका एफसीआई गोदाम, बरेका गेट के पास प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी में 3200 प्रबुद्धजनों से संवाद भी करेंगे। इस कार्यक्रम में शहर के शिक्षाविद, उद्योगपति, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होंगे

# महिला विश्व कप जीत के बाद टीम इंडिया ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

**समाज जागरण**

महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीतने के बाद गुरुवार को भारतीय टीम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह मुलाकात नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में हुई, जहां राष्ट्रपति ने टीम इंडिया को जीत की बधाई दी।

इस दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को खिलाड़ियों के सिग्नेचर की हुई जर्सी भेंट की। कप्तान ने विश्व कप ट्रॉफी



हाथों में लेकर राष्ट्रपति के साथ तस्वीरें भी क्लिक करवाईं। इसके साथ ही पूरी टीम भी राष्ट्रपति के साथ फोटो सेशन में नजर आई।

इससे पहले, बुधवार को भारतीय टीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की थी। पीएम मोदी ने टीम को ऐतिहासिक जीत पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों के साथ एक लंबी बातचीत की थी। इस दौरान उप कप्तान ने साल 2017 में हुई मुलाकात को याद करते हुए बताया कि पीएम मोदी की बातों ने उन्हें मोटिवेट किया है। वह टीम के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। रविवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। टीम के लिए शेफाली वर्मा ने 78 गेंदों में 87 रन की पारी खेली, जबकि दीप्ति शर्मा ने 58 गेंदों में इतने ही रन बनाए।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

**आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए**

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (**https://udgam.rbi.org.in**) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए **https://rbikehtahai.rbi.org.in** देखिए
प्रतिक्रिया के लिए **rbikehtahai@rbi.org.in** पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
**आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935**

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# जानलेवा क्यों बन रही है एस आई आर?




पश्चिम बंगाल में एस आई आर लगातार जानलेवा होती जा रही है. मतदाता सूची से नाम कटने के डर से लोग आत्महत्या करने लगे हैं. मतलब या तो दाल में कुछ काला है या फिर दाल को काला बनाया जा रहा है. एस आई आर को लेकर सियासत होते देख लग रहा है कि एस आई आर का खेल बंगाल में बि आर से ज्यादा खतरनाक हो सकता है.

बिहार में जब पहले चरण का मतदान शुरू हो रहा है तब बंगाल में राजधानी कोलकाता से सटे दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर इलाके में बुधवार को एक अधेड़ व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली. परिवार का कहना है कि वो वोटर लिस्ट से नाम कटने के डर से परेशान चल रहा था. राज्य में चल रही 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' यानी एस आई आर प्रक्रिया की वजह से हुई ये अब तक की आठवीं मौत है.

मतदाता सूची से नाम कपने की आशंका से जान देने वाले मृतक की पहचान शफीकुल गाजी के रूप में हुई है. वो मूल रूप से उत्तर 24 परगना के घुशीघाटा का रहने वाला था. कुछ महीनों से भांगर के जयपुर इलाके में स्थित अपने ससुराल में रह रहा था. वो एक हादसे में घायल हो गया था. तब से मानसिक रूप से परेशान था. राज्य में एस आई आर की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से वह और डर गया था.

शफीकुल की पत्नी ने बताया कि वो कहता था कि उसके पास कोई आधिकारिक पहचान पत्र नहीं है. उसे डर था कि यदि का नाम वोटर लिस्ट से कट गया तो उसे देश से निकाल दिया जाएगा. शफीकुल ने गमछे से फांसी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी.इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.

सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने इसे बीजेपी की डर फैलाने की साजिश करार दिया.तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि एस आई आर के डर से राज्य में यह आठवीं मौत है. तृमूकां विधायक शौकत मोल्ला पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे. उन्होंने कहा कि अभिषेक बनर्जी के निर्देश पर वो वहां गए थे.

उन्होंने कहा कि यह भाजपा की साजिश है, जो गरीब लोगों को डराकर उनके वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है. हालांकि, भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया. प्रदेश अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने कहा कि यह सब राजनीतिक ड्रामा है. एस आई आर तो पूरे देश में चलने वाली एक नियमित प्रक्रिया है, जिससे वोटर लिस्ट को अपडेट किया जाता है.

उन्होंने कहा कि यदि कोई घटना हुई है तो उसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार की है, बीजेपी की नहीं. टीएमसी इन मामलों का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है.

आपको बता दूं कि जब चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की घोषणा की थी, तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे 'लोकतंत्र पर सर्जिकल स्ट्राइक' करार दिया था. तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं को घर-घर जाकर बूथ लेवल ऑफिसर का विरोध करने का आदेश दिया गया. टीएमसी ने आशंका जताई कि बंगाल में एक करोड़ से अधिक वोटरों के नाम काटे जा सकते हैं. खासकर मुर्शिदाबाद, मालदा जैसे मुस्लिम-बहुल इलाकों में. तृमूकां ने सुप्रीम कोर्ट जाने की धमकी दी, सड़क पर उतरने का ऐलान किया. लेकिन सिर्फ एक हफ्ते बाद, ममता ने अचानक रुख बदला और कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि बीएलओ के साथ सहयोग करें, नए वोटर जोड़ें, गलत कटौती पर आपत्ति दर्ज करें.

भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी का कहना है कि मुख्यमंत्री ममता जानती हैं कि यदि उन्होंने एस आई आर को रोका, तो केंद्र सरकार एक संवैधानिक संस्था की अवमानना का बहाना लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है. और 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन का खतरा उनकी सत्ता को सीधे चुनौती दे सकता है. इसलिए विरोध को 'नियंत्रित सहयोग' में बदल दिया

आपको याद होगा कि जुलाई 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में एस आई आररोकने की राजद की याचिका खारिज कर दी थी. कोर्ट ने साफ कहा कि चुनाव आयोगे की स्वायत्तता में दखल नहीं दिया जा सकता.

एक आम आंकलन है कि बंगाल में कई लोगों को फर्जी तरीके से आधार कार्ड जारी किए गए हैं. भाजपा ऐसे ही लोगों को 'घुसपैठिया' कहकर ममता बनर्जी पर इन्हें प्रश्रय देने का आरोप लगाती है. उन पर रोहिंग्या घुसपैठियों को शरण देने का आरोप लगाया जाता है. जिसके पलटवार में ममता भाजपा से पूछती हैं कि अमित शाह बताएं कि बंगाल में कितने रोहिंग्या हैं? कितने घुसपैठिए हैं?

उल्लेखनीय है कि बंगाल से पहले ऐसी ही बहस बिहार चुनाव के बीच भी चली थी. लेकिन, बंगाल की राजनीति में मुस्लिम वोटों का अच्छा खासा दखल है. जो कि ममता बनर्जी के लिए एकमुश्त वोटबैंक का काम करते हैं. ममता अपने इसी वोटर बेस को पकड़कर रखना चाहती हैं.

बंगाल मे यदि मुसलमानों के बीच एन आर सी का डर है तो ममता आगे बढ़कर एस आई आर को भी एन आर सी से जोड़ देती हैं. ममता ने अपने 4 किमी के मार्च में यह दोहराया हैं कि यदि एक भी आदमी का नाम गलत ढंग से वोटर लिस्ट से डिलीट किया गया तो वह मोदी सरकार को गिरा देंगी.

अब देखना ये है कि ममता राज्य में बिहार की तर्ज पर वोट चोर गद्दी छोड का नारा लगाने और वोट अधिकार यात्रा निकालने के लिए कांग्रेस का सहयोग मांगती हैं या नहीं? ममता बनर्जी के लिए अकेली दम पर एस आई आर का मुकाबला करना मुमकिन नहीं है. बंगाल के संदर्भ में केंचुआ की भी ये जिम्मेदारी है कि वह मतदाताओं मेझ डर पैदा न होने दे.

@ राकेश अचल

# साहित्य सत्य की साधना और संस्कृति का पर्याय।

भारतीय अवार्चीन संस्कृति का दार्शनिक चिंतन सदैव इस बात पर केंद्रित रहा है कि मनुष्य केवल शरीर नहीं, बल्कि चेतना का संवाहक है। यह चेतना जब अभिव्यक्ति के किसी व्यक्त रूप में प्रवाहित होती है, तो वही अभिव्यक्ति का परिवर्जित रूप साहित्य कहलाती है। साहित्य कोई स्थिर संस्था नहीं, बल्कि वह एक जीवंत अनुभूति जो समय, समाज और संवेदना के साथ निरंतर विकसित होती रहती है। यह सत्य की साधना है, शिवत्व की कामना है और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी। जब मनुष्य अपनी आत्मा के स्पंदन को शब्दों में ढालता है, तब वह न केवल अपने युग का साक्ष्य लिखता है, बल्कि युगों-युगों तक मानवता के हृदय को आलोकित करता है।शुद्ध, जीवंत और उत्कृष्ट साहित्य समाज की संवेदना का आधारस्तंभ होता है। यह मानव के भीतर छिपी उस सहज वृत्ति को जाग्रत करता है जो करुणा, प्रेम, समरसता और नैतिकता से पोषित होती है। साहित्य की यही शाश्वतता उसे कालजयी बनाती है। इसीलिए कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद या शेक्सपियर जैसे रचनाकार आज भी हमारे समय में उतने ही जीवंत प्रतीत होते हैं, जितने अपने समय में थे। उनकी कृतियाँ केवल शब्दों का सौंदर्य नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मा का दस्तावेज हैं। वे हमें याद दिलाती हैं कि मनुष्य की पीड़ा, आशा, संघर्ष और संवेदना युगों के अंतराल में भी नहीं बदलती केवल उसका रूप बदलता है। राजनीतिक और भौगोलिक विभाजनों के बावजूद साहित्य मनुष्य को एक ही धरातल पर लाता है। क्योंकि शब्द का संसार सीमाओं से परे है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि "भाषाएँ भिन्न हो सकती हैं, पर भाव एक ही रहते हैं"। किसी भी देश की भाषा और साहित्य उस देश की सभ्यता, संस्कृति और मानसिक प्रगति का सूचक होते हैं। साहित्य के अध्ययन से उस समाज की आत्मा को समझा जा सकता है। उसके उल्लास, उसके संघर्ष, उसके स्वप्न और उसकी पीड़ाओं को भी। मुंशी प्रेमचंद ने साहित्य को ह्लजीवन की आलोचनाह्व कहा था। यह परिभाषा आज के संदर्भ में और भी प्रासंगिक लगती है। क्योंकि साहित्य केवल सौंदर्य का उत्सव नहीं, बल्कि समाज के नैतिक संकटों का दर्पण भी है। यह विसंगतियों को उजागर करता है, अन्याय पर गंभीर प्रश्न उठाता है, और व्यक्ति के अंतस में छिपे विवेक को जगाता है। एक सशक्त लेखक अपने समय की संवेदना का प्रहरी होता है। वह शब्दों के माध्यम से उस मौन को आवाज देता है जो अक्सर व्यवस्था, भय या मोह में दब जाता है।

प्राचीन मनीषियों से लेकर आधुनिक लेखकों तक, हर युग का साहित्य मानवता का संपूर्ण चरित्र चित्रण करता है। संस्कृति और साहित्य का संबंध उतना ही गहरा है जितना नदी और जल का। दोनों एक-दूसरे के बिना अपूर्ण हैं। संस्कृति जहाँ मूल्य, परंपरा और आस्था का प्रतिनिधित्व करती है, वहीं साहित्य उन मूल्यों को शब्दों में ढालकर पीढ़ी-दर-पीढ़ी प्रवाहित करता है। यही कारण है कि जब समाज किसी मूल्य संकट से गुजरता है, तो सृजनशील साहित्य ही उसे नई दिशा देता है।वर्तमान युग में जब भौतिकता ने मनुष्य की संवेदना को लगभग ढँक लिया है, जब सूचना का विस्फोट तो है पर अनुभूति का अभाव है, तब साहित्य की भूमिका पहले से कहीं अधिक गंभीर हो गई है। आज का साहित्य केवल विचार का नहीं, बल्कि विवेक का भी माध्यम है। वह तकनीक और संस्कृति के टकराव के बीच मानवीय करुणा की रक्षा करता है। जो साहित्य इस युग में मनुष्य को ह्ममानवह्न बने रहने की चेतना देता है, वही वास्तव में श्रेष्ठ है।हिंदी साहित्य की परंपरा विशेष रूप से समन्वय की रही है। कबीर की निर्भीक वाणी, रविंद्रनाथ टैगोर का आध्यात्मिक सौंदर्य, प्रेमचंद का यथार्थवादी दृष्टिकोण, जयशंकर प्रसाद की भावुकता, फणीश्वरनाथ रेणु की ग्राम्य चेतना ये सभी मिलकर हिंदी साहित्य को जनमानस की आत्मा बनाते हैं। इनकी रचनाएँ समय से परे जाकर उस मनुष्य की खोज करती हैं जो भीतर से एक है, भले ही बाहर से विभाजित हो गया हो। यही कारण है कि इनकी कृतियाँ केवल साहित्य नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन हैं।

साहित्य एक सामाजिक प्रक्रिया भी है। यह अपने समय की आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक परिस्थितियों से प्रभावित होता है, और उन्हें प्रभावित भी करता है। यथार्थवाद और आदर्शवाद का समन्वय ही साहित्य की पूर्णता है। जयशंकर प्रसाद ने कहा था ह्लजीवन की अभिव्यक्ति यथार्थवाद है और अभाव की पूर्ति आदर्शवाद।ह्व यह विचार आज भी उतना ही सार्थक है। क्योंकि समाज को बदलने के लिए केवल यथार्थ की समझ नहीं, बल्कि आदर्श की दृष्टि भी आवश्यक है।

आज के संदर्भ में साहित्य की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। वह न केवल सामाजिक असमानताओं को उजागर करता है, बल्कि उन पर आत्ममंथन भी कराता है। वह हमें यह सिखाता है कि आधुनिकता का अर्थ परंपरा से विमुख होना नहीं, बल्कि उसमें नवीनता का समावेश करना है। भारतीय अवार्चीन संस्कृति का यह ही सार रहा है – ह्लनवीनता में नित्यत्व और नित्यत्व में नवीनता।ह्व यही भाव साहित्य को कालातीत बनाता है।आज जब समाज में संवेदनाओं का ह्रास, विचारों में विभाजन और मानवीय संबंधों में दूरी बढ़ रही है, तब साहित्य ही वह शक्ति है जो हृदय को पुनः हरियाली से भर सकता है। साहित्य हमें याद दिलाता है कि भले ही समय बदल जाए, पर मानवता का मूल स्वर एक ही रहता है करुणा, प्रेम और शांति।साहित्य केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि वह जीवन का सार है। वह समाज का दिशा-दर्शन करता है, जनमानस को आलोकित करता है और समय के अंधेरे में दीपक की तरह टिमटिमाता है। श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर दोनों स्तरों पर प्रासंगिक मूल्यों, संदेशों और उद्देश्यों को समेटे हो।

निश्चय ही, वह दिन दूर नहीं जब हिंदी साहित्य वैश्विक फलक पर अपनी मानवीय संवेदना और सांस्कृतिक गहराई के कारण और अधिक सम्मानित होगा। क्योंकि अंततः साहित्य वही है जो मानवता को बचाए रखे और यही उसकी सबसे बड़ी साधना है, यही उसका शिवत्व है।



**संजीव ठाकुर , चिंतक, लेखक स्तंभकार, वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415**

# शिशु सुरक्षा के लिए उठाने होंगे ठोस कदम



**रमेश सर्राफ धमोरा**

हर साल 07 नवम्बर को शिशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शिशु सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रारंभिक स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, टीकाकरण और माता-पिता की शिक्षा को बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर को कम करने पर केंद्रित है। दुनिया भर में लाखों शिशु अभी भी संक्रमण, कुपोषण और चिकित्सा सुविधा की कमी जैसे रोकथाम योग्य कारणों से मर जाते हैं। यह दिवस समाज और सरकारों को यह याद दिलाता है कि वे हर बच्चे के जीवन में एक स्वस्थ शुरूआत के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए और अधिक ठोस कदम उठाएँ।

भारत और कई अन्य देशों में शिशु संरक्षण दिवस मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी पहलों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसे कार्यक्रम शिशुओं की प्रारंभिक देखभाल में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। यह दिवस माता-पिता को स्वस्थ विकास सुनिश्चित करने के लिए उचित आहार, स्वच्छता और टीकाकरण के नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। नवजात शिशुओं की उचित सुरक्षा ना हो पाने के कारण दुनिया में बहुत सारे बच्चे मौत के आगोश में चले जाते है। हालांकि सरकार ने इसे रोकने कि दिशा में सार्थक प्रयास किये है। जिनकी बदौलत देश में शिशु मृत्यु दर में कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के अनुसार देश 2030 तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है। भारत में नवजात बच्चों की मौतों के मामलों में सरकार के लिए बीते 77 साल बड़ी चुनौती भरे रहे हैं। हालांकि इसमें लगातार कमी आ रही है।

देश में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और शिशु जन्म दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। 2023 की नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) रिपोर्ट के मुताबिक देश में शिशु मृत्यु दर न्यूनतम 25 पर आ गई है। 2013 में 40 के मुकाबले इसमें 37.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं शिशु जन्म दर में पिछले 10 साल में 14 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। 2013 में ये दर 21.4 प्रतिशत थी अभी ये 18.4 प्रतिशत है। आइएमआर एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संकेतक है, जिसे एक वर्ष से कम आयु के पैदा होनेवाले प्रति 1,000 शिशुओं पर होनेवाली मौतों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह संख्या जितनी कम होगी स्वास्थ्य सेवा की पहुंच उतनी ही बेहतर मानी जाएगी।

एसआरएस रिपोर्ट के मुताबिक 1971 में शिशु मृत्यु दर के मुकाबले 2023 में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बाल मृत्यु दर प्रति हजार पर 37 दर्ज की गई है। वहीं मणिपुर में ये आंकड़ा तीन का है। 21 राज्यों में केरल ही एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहां शिशु मृत्यु दर इकाई में दर्ज की गई है। राज्य में ये आंकड़ा 5 का है और मणिपुर के बाद ये दूसरे नंबर पर है।

रिपोर्ट में ग्रामीण क्षेत्रों में ये आईएमआर 44 से घटकर 28 पर आ गई है। वहीं शहरी इलाकों में 27 से घटकर 18 पर आंकी गई है। इस तरह 10 साल में इस दर में 36 प्रतिशत और 33 प्रतिशत की गिरावट क्रमशः दर्ज की गई है। शिशु जन्म दर में भी गिरावट का रुख रिपोर्ट में शिशु जन्म दर में भी गिरावट का रुख दर्ज किया गया है। ये दर जनसंख्या वृद्धि का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। इसके तहत सालभर में प्रति हजार जनसंख्या पर जीवित शिशुओं की संख्या बताई जाती है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच दशकों में जन्म दर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ये दर 1971 के 36.9 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 18.4 प्रतिशत पर आ गई है। इस दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में शिशु जन्म दर करीब-करीब बराबर हो गई है। पिछले 10 वर्ष में जन्म दर 21.4 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 18.4 प्रतिशत पर आ गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशक में जन्म दर में लगभग 14 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो 2013 में 21.4 से घटकर 2023 में 18.4 हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 11 प्रतिशत घटकर 22.9 से 20.3 हो गई है। वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 17.3 से घटकर 14.9 हो गई है, जो लगभग 14 प्रतिशत है। बिहार में 2023 में सबसे ज्यादा जन्म दर 25.8 दर्ज की गई, जबकि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 10.1 के साथ सबसे कम पर था। रिपोर्ट में कहा गया है कि चंडीगढ़ में सबसे कम मृत्यु दर 4 और छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा 8.3 दर्ज की गई।

भारत ने पिछले सात दशकों में भले ही चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति करते हुए शिशु मृत्यु दर पर काबू पाया है। लेकिन आज भी शिशुओं की मौत बड़ा सवाल है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश में शिशु मृत्यु दर में काफी सुधार देखा गया है। ये साल 2013 में हर 1000 जन्मे बच्चों में से 40 से घटकर अब 25 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। यानी कि मृत्युदर में 37.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

देश में स्वास्थ्य सम्बन्धी चीजों की कमी के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है। सरकारों ने इस समस्या से निपटने के लिए बहुत सी योजनायें लागू की है। मगर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा जागरूकता की कमी के कारण शिशुओं की मृत्यु दर में पूर्णतया कमी नहीं आई है। उचित पोषण के भाव में अब भी कई बच्चे दम तोड़ देते है। ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की कमी एवं प्रशिक्षित नर्सो व दाइयों की कमी के कारण भी विभिन्न प्रकार की समस्यायें उत्पन्न होती है।

2025-26 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का अनुमानित व्यय 99,859 करोड़ रुपए है। यह 2024-25 के संशोधित अनुमानों से 11% अधिक है। जो 2025-26 के लिए केंद्र सरकार के कुल बजट का लगभग 1.97 % है। यह राशि कम है इसे बढ़ाना होगा तभी भारत में नवजात शिशुओं की मौत पर रोक लगायी जा सकती है। शिशु सुरक्षा सिर्फ सरकार की ही नहीं वरन सभी की जिम्मेदारी है। सभी को एकजुट होकर इसके लिए आगे आना होगा तब जाकर हम अपने देश के शिशुओं की सुरक्षा के मामले में अन्य देशों की तुलना में ऊपरी पायदान पर आ पाएंगे।

शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शिशु जन्म के एक घंटे के भीतर मां का दूध पिलाना चाहिए। मा के गाढ़े पीले दूध में सर्वाधिक मात्रा में संक्रमण-रोधी तत्त्व मौजूद होता है। जिसे कोलोस्ट्रम कहा जाता है। इसमें बड़ी मात्रा में विटामिन ए के साथ 10 प्रतिशत तक प्रोटीन होता है। जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम होता है। 6 माह तक शिशुओं को केवल स्तनपान कराया जाना चाहिए। जिसमें मां के दूध के अलावा कोई अन्य दूध, खाद्य पदार्थ,पेय पदार्थ और यहां तक पानी भी नहीं पिलाना चाहिए। इससे शिशु डायरिया, निमोनिया,अस्थमा एवं एलर्जी से बचा रहता है।

जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भारत के स्वास्थ्य खर्च को दुनिया के औसत और अन्य विकासशील और विकसित देशों से काफी नीचे छोड़ देता है। भारत का खर्च नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों से तो ज्यादा है। मगर यूनाइटेड किंगडम, न्यूजीलैंड, फि नलैंड, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की तुलना में जो अपने कुल सकल घरेलू उत्पाद का 9 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करते हैं उनसे भारत बहुत पीछे है। इसी तरह, जापान, कनाडा, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, जर्मनी स्वास्थ्य सेवाओं पर अपनी कुल जीडीपी का कम से कम 10 प्रतिशत खर्च करते हैं। वहीं अमेरिका अपनी जीडीपी का करीब 16 फीसदी स्वास्थ्य पर खर्च करता है। बजट में स्वास्थ्य आवंटन में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली और प्रौद्योगिकी में सुधार पर जोर देना चाहिए। स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

# महिलाओं को नकदी हस्तांतरण, बढ़ते खर्च राज्यों के लिए बड़ी चुनौती

राज्य सरकारें कुल सरकारी व्यय के दो-तिहाई हिस्से के लिए जिम्मेदार होती हैं लेकिन उनकी वित्तीय सेहत पर सार्वजनिक बहस में पर्याप्त चर्चा नहीं होती पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च ने राज्य सरकारों की वित्तीय हालत को लेकर एक व्यापक रिपोर्ट पेश की है। सच तो यह है कि राज्य सरकारें कुल सरकारी व्यय के दो-तिहाई हिस्से के लिए जिम्मेदार होती हैं लेकिन उनकी वित्तीय सेहत पर सार्वजनिक बहस में पर्याप्त चर्चा नहीं होती। ऐसे में इस प्रकार की रिपोर्ट राज्य सरकारों की वित्तीय हालत से संबंधित आम समझ को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।

उम्मीद के मुताबिक ही रिपोर्ट राज्यों की वित्तीय स्थिति को लेकर कुछ कमियों को रेखांकित करती है जिन पर यहां चर्चा करना उपयोगी होगा। उदाहरण के लिए यह स्पष्ट होता है कि वर्ष 2023-24 में राज्यों ने अपनी राजस्व प्राप्तियों का 60 फीसदी से अधिक वेतन, पेंशन, सब्सिडी और ब्याज भुगतान जैसे मदों पर खर्च किया। समग्र स्तर पर राज्यों ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 0.4 फीसदी राजस्व घाटा भी दर्ज किया, जिसका अर्थ है कि वे बार-बार होने वाले खर्चों को पूरा करने के लिए उधार ले रहे हैं। प्रतिबद्ध व्यय का उच्च स्तर विकासात्मक कार्यों को करने की राज्य सरकारों की क्षमता को सीमित करता है। राज्यों के पूंजीगत व्यय को केंद्र सरकार की विशेष सहायता योजना से मदद मिल रही है। इस योजना के तहत राज्यों को 50 वर्ष का ब्याज रहित ऋण दिया जा रहा है। वर्ष 2020-21 से 2025-26 (11 अगस्त 2025 तक) तक राज्यों को इस योजना के तहत 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण दिया गया। विश्लेषण बताता है कि अपने स्रोतों से राज्यों का पूंजीगत व्यय सपाट बना रहा और बढ़ोतरी को केंद्र सरकार से सहायता मिली।

यह एक आदर्श स्थिति नहीं है, क्योंकि यदि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सहायता को बंद कर दिया गया ( जिसे जारी रखना उसकी बाध्यता नहीं है ) तो इससे राज्य सरकारों के पूंजीगत व्यय में तेज गिरावट आ सकती है, जिसका कुल आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में उजागर किया गया एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है राज्यों के बीच बढ़ती असमानता।

जिन राज्यों की प्रति व्यक्ति आय अधिक है, वे अधिक राजस्व जुटा पाते हैं और इस कारण उनके पास विकास पर खर्च करने की क्षमता भी अधिक होती है। यह प्रवृत्ति समृद्ध और गरीब राज्यों के बीच की खाई को और चौड़ा करती रहेगी, जिसके आर्थिक ही नहीं बल्कि सामाजिक प्रभाव भी हो सकते हैं। इस बढ़ती असमानता को दूर करना नीति-निमार्ताओं के लिए एक गंभीर चुनौती होगा।

एक अन्य पहलू जिस पर उचित नीतिगत ध्यान दिया गया है वह है महिलाओं को बिना शर्त नकदी हस्तांतरण। पीआरएस द्वारा जुटाए गए आंकड़े बताते हैं कि ऐसी सहायता देने वाले राज्यों की तादाद वर्ष2022-23 के 2 से बढ़कर 2025-26 में 12 हो गई। वर्ष 2025-26 में राज्यों ने कुल मिलाकर 1.68 लाख करोड़ रुपये की राशि या जीएसडीपी का करीब 0.5 फीसदी इस मद में यानी महिलाओं को देने में खर्च किया। ऐसी सहायता देने वाले करीब आधे राज्यों को इस वर्ष राजस्व घाटा होने की उम्मीद है। वास्तव में वे ऋण लेकर पैसे बांट रहे हैं। ऐसी योजनाओं की राजनीतिक सफलता को देखते हुए यह मानना उचित होगा कि आने वाले समय में और भी राज्य इसे अपनाएंगे। प्रतिस्पर्धी राजनीति के कारण समय के साथ आवंटित होने वाली राशि भी बढ़ती जाएगी।

बिना शर्त हस्तांतरण अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग अर्थ भले समेटे हो लेकिन राजनीतिक दलों के लिए लाभ स्पष्ट है। कहा जाता है कि इससे सामाजिक आर्थिक हालात में सुधार हो रहा है। परंतु यह बात बहस तलब है कि क्या बजट की बाधाओं से जूझ रहे देश में सामाजिक आर्थिक हालात सुधारने का यही श्रेष्ठ तरीका है। स्पष्ट समझ की मदद से बजटीय संसाधनों का आवंटन सुधारा जा सकता है। मार्च 2025 तक राज्यों पर कुल मिलाकर जीएसडीपी का 27.5 फीसदी कर्ज था।

एफआरबीएम समीक्षा समिति ने 2017 में अनुशंसा की थी कि राज्यों का कर्ज 20 फीसदी तक रहना चाहिए। इसके अलावा राज्य सरकारें सरकारी उपक्रमों द्वारा लिए गए ऋण की भी गारंटी देती हैं जो 2023-24 में जीएसडीपी का 4.2 फीसदी था। यह राज्यों की वित्तीय हालत के लिए एक जोखिम है। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश और पंजाब जैसे कुछ राज्य कुल आंकड़ों से कहीं अधिक गंभीर वित्तीय संकट में हैं और इन्हें अलग नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता हो सकती है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 06 नवंबर 2025: उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर अतुल श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार अपर जिला जज/सचिव (पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि 13 दिसंबर 2025 को जनपद गौतम बुद्ध नगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

अपर जिला जज ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक सुलभ वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबंधित विवाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधी मामले एवं प्री-लिटिगेशन मामले शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, जो विवाद पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के आधार पर समझौता करना चाहते हैं, उन्हें भी राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जाएगा।

इस आयोजन का उद्देश्य सुलह-सामझौते और शीघ्र निपटान के माध्यम से न्यायिक प्रणाली को सरल और प्रभावी बनाना है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कृषकों को प्याज के बीज का नि:शुल्क वितरण

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 06 नवम्बर 2025: मुख्य विकास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आज विकास भवन के कार्यालय कक्ष में जनपद के कृषकों को मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर योजनांतर्गत उद्यान विभाग द्वारा प्याज के बीज का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं कृषकों को प्याज के बीज के पैकेट वितरित किए।



सहायक जिला उद्यान निरीक्षक ऋचा शर्मा ने बताया कि यह वितरण कार्यक्रम प्याज उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आमदनी में वृद्धि के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। विभाग द्वारा कृषकों को उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस पहल से जनपद के कृषकों को सस्ता और गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध होगा और कृषि उत्पादन में सुधार की संभावनाएं बढ़ेंगी। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# श्रम विभाग ने निमार्णाधीन प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण, सेवायोजकों को नोटिस जारी

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 06 नवम्बर 2025: उप श्रमायुक्त, गौतम बुद्ध नगर राकेश द्विवेदी के निर्देश पर सहायक श्रमायुक्त सुयश पाण्डेय एवं डॉ. एस. पी. सिंह के नेतृत्व में श्रम प्रवर्तन अधिकारियों की टीम ने आज निमार्णाधीन प्रतिष्ठानों मैसर्स डी.एल.एफ. आई.टी. पार्क, सेक्टर-143ए, नोएडा तथा मैसर्स मैक्स स्क्वायर, सेक्टर-129, नोएडा का विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत निरीक्षण/जांच की।

निरीक्षण के दौरान मैसर्स डी.एल.एफ. आई.टी. पार्क में 2 किशोर श्रमिक और मैसर्स मैक्स स्क्वायर में 4 किशोर श्रमिक कार्यरत पाए गए। साथ ही, कार्यरत श्रमिकों का पंजीयन भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत नहीं पाया गया।

निरीक्षण में संविदा श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम आदि का उल्लंघन पाया गया। इसके संबंध में संबंधित सेवायोजकों को नोटिस जारी की गई है।

इसके अतिरिक्त, मैसर्स निटारा इंडिया प्रा. लि. के 11 श्रमिकों के अवशेष वेतन भुगतान के संबंध में प्रबंधन के साथ समझौता वार्ता कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप श्रमिकों को कुल 59,471/- की राशि उनके बैंक खातों में भुगतान की गई।

सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# मतदेय स्थलों के संभाजन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 06 नवम्बर 2025: मतदाताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने और निर्वाचन प्रक्रिया में सुगमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदेय स्थलों के पुनः संभाजन हेतु आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद, विधायकगण, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि वर्तमान में जनपद की तीनों विधानसभाओं - 61-नोएडा, 62-दादरी, 63-जेवर - में कुल 642 मतदान केंद्र और 1868 मतदेय स्थल संचालित हैं। पुनर्गठन के अंतर्गत, 1200 से अधिक मतदाताओं वाले स्थलों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा नोएडा में 43, दादरी में 60 और जेवर में 19 नए मतदेय स्थल जोड़े गए, जबकि दादरी विधानसभा में 2 नए मतदान केंद्र भी स्थापित किए गए। प्रस्तावित सूची के अनुसार जनपद में कुल 644 मतदान केंद्र और 1990 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं।




अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने संभाजन कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 29 अक्टूबर से 4 नवम्बर 2025 तक मतदेय स्थलों का भौतिक पुनर्निधारण और नए मतदेय स्थल स्थापित करने का कार्य संपन्न हुआ। उन्होंने आगे बताया कि 10 नवम्बर 2025 को आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की सूची का प्रकाशन और राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराना होगा। अंतिम सूची का निर्धारण 18 नवम्बर 2025 को शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद किया जाएगा, और 19 से 21 नवम्बर 2025 तक सभी संलग्नकों सहित प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को भेजा जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि https://voters.eci.gov.in पोर्टल का प्रचार-प्रसार करें, ताकि मतदाता अपने गणना प्रपत्र ऑनलाइन भर सकें। साथ ही बूथ लेवल एजेंटों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराई जाए और उन्हें परिचय पत्र जारी किए जाएँ, जिससे कार्य के दौरान कोई असुविधा न हो।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, दादरी विधायक प्रतिनिधि दीपक यादव, नोएडा विधायक प्रतिनिधि राजकुमार, कांग्रेस पार्टी से नीरज लोहिया, समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी, प्रभारी जिला मंत्री अनूप तिवारी, एडवोकेट विक्रम टाइगर, एडवोकेट विनोद लोहिया, बहुजन समाज पार्टी जिला सचिव डॉ. रविंद्र तोमर सहित उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एआई, रोबोटिक्स साइंस, साइबर सुरक्षा के साथ डिजिटल इंडिया को दर्शाएगा साइंस पार्क

**समाज जागरण**

लखनऊ और गोरखपुर के बाद अब ताज नगरी आगरा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त साइंस पार्क और नक्षत्रशाला की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। कोठी मीना बाजार मैदान के सामने, एसीपी लोहा मंडी कार्यालय के पीछे आयोजित भव्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और केंद्रीय राज्य मंत्री (सांसद) प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन एवं हवन कर 39.62 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले साइंस पार्क व नक्षत्रशाला की नींव रखी गई।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि आगरा का साइंस पार्क प्रदेश का तीसरा उच्च सुविधा युक्त पार्क होगा, जहाँ छात्र-छात्राएँ और आमजन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक साइंस और साइबर सुरक्षा जैसी आधुनिक तकनीकों से रूबरू होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप अब प्रदेश के हर मंडल मुख्यालय पर साइंस पार्क की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह साइंस पार्क आधुनिक युग की तीन प्रमुख तकनीकों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक साइंस, और साइबर सुरक्षा पर केंद्रित होगा।

इसके साथ ही पार्क में प्राचीन भारतीय विज्ञान गैलरी (Indian Science Heritage Gallery), Fun with Science Gallery, गणित, चिकित्सा और इंजीनियरिंग में भारत की विरासत प्रदर्शनियां भी स्थापित की जाएंगी। ये गैलरी NCERT और CBSE पाठ्यक्रम के प्रयोगों को थीम आधारित रूप में प्रस्तुत करेंगी।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जब वे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, तभी इस परियोजना की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर मुख्यमंत्री को प्रस्तुत की गई थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहमति के बाद कैबिनेट में प्रस्ताव पारित हुआ और बेसिक शिक्षा विभाग की भूमि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को हस्तांतरित की गई। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल आधुनिक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा को सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक दृष्टि से समृद्ध शहर के रूप में विकसित करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही आगरा में छत्रपति शिवाजी स्मारक भी स्थापित होगा, जो धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र बनेगा।

केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि नक्षत्रशाला के निर्माण से छात्रों को खगोलशास्त्र के रहस्यों को समझने का अवसर मिलेगा। यह न केवल शिक्षा बल्कि शैक्षिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का नया द्वार खोलेगा। उन्होंने इसे आगरा की युवा पीढ़ी के लिए "विज्ञान का मील का पत्थर" बताया।

इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पंधारी यादव ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आईआईएमटी कॉलेज, ग्रेटर नोएडा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 06 नवम्बर 2025: विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक चल रहे गणना प्रपत्रों के वितरण एवं प्राप्ति कार्य की समीक्षा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने आईआईएमटी कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम में देर रात्रि आयोजित बैठक में की। बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और संबंधित सुपरवाइजर्स उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और समयबद्ध प्रक्रिया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गणना प्रपत्रों के वितरण और प्राप्ति कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या विलंब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्यों की दैनिक समीक्षा अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए, ताकि प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही 93 बूथ लेवल अधिकारियों और 27 अनुपस्थित सुपरवाइजरों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के भी आदेश दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया, ताकि वे निर्वाचन संबंधित कार्यों को अधिक दक्षता और सटीकता के साथ संपादित कर सकें।

समीक्षा बैठक में उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, उप जिला अधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, संबंधित सुपरवाइजर्स एवं निर्वाचन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

## सेवा वर्दी में, करुणा रक्त की हर बूंद में

**लखनऊ, 06 नवम्बर 2025**

एकता दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारम्भ पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, श्री राजीव कृष्ण ने स्वयं रक्तदान कर किया। यह शिविर एसजीपीजीआई, लखनऊ के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 100 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। एसजीपीजीआई द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर डीजीपी, उत्तर प्रदेश ने रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सम्मानित किया।

# सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी का जन संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन, जिलाधिकारी और मुख्य कार्यपालक अधिकारी को निमंत्रण

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 06 नवम्बर 2025: सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी के कार्यकताओं ने आज श्रीमती मेधा रूपम जी, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर को आगामी जन संवाद एवं सम्मान समारोह के लिए निमंत्रण पत्र सौंपा। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत मैन, कासना रोड, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में आयोजित होगा।





इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें चौधरी हरेंद्र गुर्जर गुरुजी (संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष), मास्टर जगपाल सिंह भाटी (राष्ट्रीय सचिव), चौधरी जुगेंद्र सिंह भाटी (प्रदेश सचिव), चौधरी देवेंद्र गुर्जर (बुलंद खेड़ा अध्यक्ष, मेरठ संभाग), चौधरी चंद्रपाल भाटी (सूबेदार शाहपुर उपाध्यक्ष, मेरठ संभाग), चौधरी देवी राम भाटी (कार्यक्रम संयोजक एवं जिला अध्यक्ष), चौधरी सोनू भड़ाना (जिला उपाध्यक्ष, सलारपुर नोएडा), चौधरी मनोज गुर्जर (जिला उपाध्यक्ष), पंडित सोनू शर्मा (जिला महासचिव, हतेवा), चौधरी बलराज भाटी, चौधरी धर्मेंद्र नगर, चौधरी श्याम सुंदर नागर (जिला महासचिव), अन्य जिला मंत्री एवं पदाधिकारी शामिल रहे।

कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, नेता, किसान संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष या उनके प्रतिनिधि, गांव के प्रतिष्ठित समाजसेवी और कुछ प्रमुख स्कूलों के प्रधानाचार्य तथा पार्टी के कार्यकर्ता सम्मानित किए जाएंगे।

साथ ही, आज श्री एन. जी. रवि कुमार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण को भी कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र सौंपा गया और किसानों के मुद्दों पर उनसे संवाद किया गया। पार्टी के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र गुर्जर गुरुजी के नेतृत्व में हुई इस वार्ता में श्री एन. जी. रवि कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित रहने और किसानों के साथ जन संवाद आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# लोनी का मेन बाजार.. दुकानदारों के अतिचार का शिकार

**समाज जागरण**

लोनी, 6 नवंबरः लोनी मेन बाजार की सड़क पर दुकानदारों ने अपना सामान इस कदर फैला रखा है मानो इसके लिए उनके बीच कोई होड सी लगी हो। दुकानदारों के अतिक्रमण के शिकार भीड़भाड़ वाले इस बाजार की सड़क अत्यंत संकरी हो जाने के कारण यहा से निकलने वाले नागरिकों को पहाड़ जैसी मुसीबत झेलनी पड़ रही है।

बता दे कि लोनी क्षेत्र में मैन बाजार के नाम से पहचान रखने वाला एक वह बाजार है जहा शहर के साथ-साथ देहात क्षेत्र के लोग भी यहां अपनी विभिन्न खरीददारी के लिए आते हैं। हालांकि अतिक्रमण के कारण संकरी हुई सड़क पर ग्राहकों के लिए यहां भारी भीड़ के बीच खरीदारी कर पाना कोई आसान काम नहीं होता हैं, जबकि टू व्हीलर सवार ग्राहकों को और भी अतिरिक्त मुसीबत झेलनी पड़ती है।

लगभग 15 से 20 फुट चौड़ाई वाले रास्ते वाले इस मेन बाजार में दुकानदारों की स्वार्थ भरी छोटी सोच का नतीजा है कि उसकी चौड़ाई सिमट कर मात्र 8 या कहीं-कहीं इससे भी कम रह जाती है। यही नहीं अतिक्रमणकारी इन दुकानदारों में एक बड़ी संख्या ऐसे दुकानदारो की हैं जिन्होंने अपनी दुकान के बाहर सड़क पर ही तख्त डालकर उसे अन्य छोटे दुकानदारो को गैरकानूनी रूप से किराए पर दे दिया है। बहुत से दुकानदारों की मानसिकता तो ऐसी हैं कि उन्होंने अपनी दुकान के सामने ऊपर की ओर रस्सी व बांस-बल्ली की मदद से इतनी दूरी तक सामान टांग रखा है जैसे बिक्री का यह सामान एक दूसरे को छूने की कोशिश कर रहा हो। यही कारण है कि यहां से निकलने वाले वाहन हो या पैदल यात्री, उनका बाजार की भीड़ में फंसकर खड़ा रहना आम बात है।



**आपस में भिड़ना बनता है विवाद का कारण**

दुकानदारों और उनके सामने वाले किरायेदारों (छोटे दुकानदारों) के कारण यहां बनी रहने वाली भीड़ से निकल पाना कोई आसान काम नहीं होता जिसके चलते ग्राहकों का अक्सर एक दूसरे से भिड़ना और उनके बीच विवाद होना आम बात है। अफसोस की बात तो यह है कि ऐसी आपत्तिजनक परिस्थिति के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी यहा नग्न ही नजर आती है।

**दो तिहाई रास्ते पर बना है अतिक्रमण**

बाजार के करीब दो तिहाई मार्ग पर दुकानदारों ने इस कदर अतिक्रमण कर लिया है जैसे वह उनकी अपनी निजी संपत्ति हो. जो दुकान के सामने इस कदर समान रखते हैं मानो उनके बीच एक दूसरे से आगे सामान सजाने की कोई प्रतिस्पर्धा हो। दुकानदारों के इस अतिक्रमण का अगर कोई विरोध करता है तो यह उसके साथ बदसलू व कभी-कभी मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। अफसोस तो इस बात का है कि संबंधित विभाग सब कुछ जानते हुए भी न जाने क्यों इस ओर से अंजान बना बैठा है।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कॉमनवेल्थ आसियान शिखर सम्मेलन 2025 में भारत का मान बढ़ाया

(कॉमनवेल्थ आसियान शिखर सम्मेलन 2025 में शिवांगी खरवाल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया )

नई दिल्ली 6 नवंबर /कॉमनवेल्थ–आसियान शिखर सम्मेलन 2025 मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में आयोजित हुआ। इस मंच पर कॉमनवेल्थ और आसियान देशों के नेता, नीतिनिमार्ता, युवा प्रतिनिधि और परिवर्तनकर्ता एक साझा दृष्टि के तहत एकजुट हुए – "सहयोग, नवाचार और सततता के माध्यम से साझा समृद्धि।"

इस वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व दिल्ली विश्वविद्यालय से अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में शोधरत तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री व दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की संयुक्त सचिव शिवांगी खरवाले` ने किया, जो भारत की युवा ऊर्जा, नेतृत्व और वैश्विक सहभागिता की सशक्त प्रतीक बनकर उभरीं।

**शिक्षा, तकनीक और व्यापार पर गहन विमर्श**

सम्मेलन के दौरान शिक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, वित्त और सामाजिक-सांस्कृतिक विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने सतत विकास, तकनीकी नवाचार, और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के नए मार्ग सुझाए। इन सत्रों में भविष्य की दिशा तय करते हुए "विविधता में एकता" के भाव को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

**भारत की डिजिटल प्रगति पर विशेष सत्र**

इस अवसर पर महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद श्री मिलिंद देवड़ा से मुलाकात का अवसर शिवांगी खरवाल को मिला। श्री देवड़ा ने भारत की डेटा सुरक्षा, यूपीआई (UPI) की अभूतपूर्व वैश्विक सफलता और डिजिटल इंडिया की उपलब्धियों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे भारत तकनीक को सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम के रूप में उपयोग कर रहा है।

**युवा सहयोग पर सार्थक चर्चा**

शिवांगी खरवाल ने मलेशियाई संसद के उच्च सदन के सदस्य वाई.बी. सीनेटर दातो' सिवाराज से भी विशेष भेंट की। दोनों के बीच युवा सहयोग, नेतृत्व विकास और क्षेत्रीय साझेदारी पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा – "युवा ही भविष्य हैं, और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से ही हम एक सतत और समावेशी विश्व का निर्माण कर सकते हैं।"

**प्रेरक नेतृत्व से संवाद**

सम्मेलन के दौरान शिवांगी खरवाल ने अनेक प्रतिष्ठित नेताओं और






प्रतिनिधियों से विचार साझा किए, जिनमें शामिल रहेः श्री निक चैम्बर्स, श्री जोहारी जमालुद्दीन, सुश्री बेथ बटन, श्री मोहम्मद खोरशेद आलम खस्तगीर, श्री अजहर अबू तालिब, श्री बर्नार्ड ओडुरो ताकी, दातुक नोर यहाती बिन्ती अवांग, सुश्री शारमिन कौर, सुश्री मुस्कान आनंद – और कई अन्य। इन सभी संवादों ने "वसुधैव कुटुम्बकम् – सम्पूर्ण विश्व एक परिवार है" की भारतीय भावना को सशक्त रूप से प्रकट किया।

**"विविधता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है"**

शिवांगी खरवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा – "इस मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात रही। यह अनुभव सीख, संवाद और एकता की भावना से परिपूर्ण रहा। विविधता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, जो हमें एक साझा, उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करती है।"

विशेष - कॉमनवेल्थ–आसियान शिखर सम्मेलन 2025 केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि संवाद, उद्देश्य और सहयोग का सजीव प्रतीक सिद्ध हुआ। यह आयोजन इस विश्वास को और दृढ़ करता है कि जब राष्ट्र नवाचार, शिक्षा, तकनीक और सतत विकास के लिए साथ आते हैं, तो समृद्धि साझा होती है – सीमाएँ नहीं। एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कॉमनवेल्थ आसियान शिखर सम्मेलन 2025 में भारत का मान बढ़ाने वाली अपनी राष्ट्रीय मंत्री को मुबारकबाद देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सोलंकी प्रदेश संगठन मंत्री राम गुप्ता सुमित चीर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा दिल्ली प्रदेश मोहनलाल गिहारा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा मीडिया सह प्रभारी राजू चंदेल सहित गणमान्य

**व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की**

# असमोली चीनी मिल मे जारी किया गया इन्डेन्ट

**समाज जागरण**

संभल। धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लि, यूनिट असमोली चीनी मिल ने दिनांक 9 नवम्बर हेतु बाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों पर तथा दिनांक 10 नवम्बर 2025 हेतु क्रय केन्द्रों के साथ-साथ मिल गेट पर भी तौल हेतु गन्ना इन्डेन्ट जारी कर दियां है। इन्डेन्ट भेजने से पूर्व विधि विधान से इन्डेन्ट पूजा की गयी। महा प्रबन्धक (गन्ना) प्रवीण सिंह ने बताया कि 9 नवम्बर को सभी क्रय



केन्द्रों पर तौल की जायेगी तथा दिनांक 10 नवम्बर को मिल गेट पर हवन व पूजन करने के उपरान्त दोपहर में मिल अपना पेराई कार्य शुरू कर देगी। सभी किसानों से अनुरोध है कि वह साफ-सुथरा, छिला हुआ व ताजा गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पेराई सत्र 2025-26 हेतु गन्ने का मूल्य रू0 400 प्रति कुन्टल निर्धारित किया है। अतः कोई भी किसान भाई अपना गन्ना सस्ते रेट पर कोल्हू अथवा क्रेशर पर न डालें। किसान भाइयों की सुविधा के लिए सभी आवन्टित 108 क्रय केन्द्र स्थापित किये जा चुके हैं तथा गन्ने के समय से उठान हेतु पर्याप्त मात्रा में लोडर व ट्रासपोर्ट की व्यवस्था की गयी है। किसान भाईयों से यह भी अनुरोध है कि वे अपनी पर्ची की तारीख व हाड़े के अनुसार ही गन्ना तौल हेतु लेकर आयें।

## मशीन पर चारा काटते समय लगा करंट हुई मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। एक युवक की मशीन द्वारा पशुओं के लिए चारा काटते समय बिजली का करंट लगने से मोके पर ही उसकी मौत हो गई परिजनों ने बिना कोई कार्यवाही के ही उसका अंतिम संस्कार बैराज घाट पर कर दिया इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

थाना क्षेत्र मंडावर के गांव मोहम्मदपुर देवमल निवासी शुभम पुत्र चतर सिंह उम्र 33 वर्षीय बुधवार को अपने घर पर पशुओं के लिए बिजली की बंधी मोटर मशीन पर अपने पशुओं के लिए चारा काट रहा था। जिसमें मशीन में बिजली का करंट उतर गया करंट लगने से उसकी मोके पर ही मौत हो गई परिजनों ने बिना कोई कार्यवाही की ही उसका अंतिम संस्कार गंगा बैराज घाट पर किया इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। और गांव में शोक छाया हुआ है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौरों एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हल्दौर से गंज की ओर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जानकारी के अनुसार हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम फते हउल्लापुर पोटा निवासी रोहित (32 वर्ष) पुत्र नरपाल अपनी बाइक से गंज की ओर जा रहा था। गंज के पास पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया पहुंची। घायल रोहित को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि मृतक रोहित विवाहित था और उसका एक आठ वर्षीय बेटा है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, रोहित ही घर का एकमात्र सहारा था। उसकी अकाल मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## नगर पंचायत साहनपुर में 27 .5 लाख रुपए की लागत से MRF सेंटर की तैयारी

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद/साहनपुर नगर पंचायत साहनपुर मे 27.5 लाख



रुपये की लागत से नया MRF सेंटर (कूड़ा निस्तारण प्लांट) बनाया जा रहा है। यह प्लांट पहले ठलअकहाईवे निर्माण के दौरान ध्वस्त हो गया था, जिसके बाद डीएम बिजनौर द्वारा नई भूमि आवंटित की गई थी। अब इस पर कार्य तेजी से शुरू हो गया है।

मौके पर पहुंचकर नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी एवं सिविल अभियंता स्मृति गुप्ता ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय लिपिक सादिक बाबू सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# बनारस से लेकर बेंगलुरु तक, मिलेगी चार नई वंदे भारत ट्रेन

वाराणसी, 6 नवंबर। यात्रियों की सुविधा, समय बचाने और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से रेल यातायात की बड़ी सौगात देने वाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने काशी दौरे के दौरान देशवासियों को 4 वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देंगे। इसमें एक वाराणसी से खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात खास काशीवासियों के लिए होगी है। पीएम के कार्यक्रम में बनारस (पूर्व का मंडुवाडीह) स्टेशन पर शहर के गणमान्य लोगों को सम्बोधित करना भी प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात नवंबर शुक्रवार की शाम लगभग पांच बजे दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचेंगे। पीएम विशेष विमान से लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर आएंगे। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य लोग प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगे। पीएम एयरपोर्ट से बरेका जाएंगे।

### देंगे चार नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात

प्रधानमंत्री आठ नवंबर को बनारस स्टेशन से देश को 4 वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात देंगे। इनमें एक विशेष ट्रेन वाराणसी से खजुराहो के बीच चलेगी, जो काशीवासियों और पूर्वांचल के लिए एक बड़ा उपहार मानी जा रही है। प्रधानमंत्री इस ट्रेन को बनारस (पूर्व मंडुवाडीह) रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा लखनऊ से सहारनपुर, फिरोजपुर से दिल्ली और एनार्कुलम से बेंगलुरु जाने वाली अन्य स्थानों की 3 वंदे भारत एक्सप्रेस को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ट्रेनों के लोकार्पण के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री बनारस रेलवे स्टेशन पर गणमान्य लोगो से संवाद भी कर सकते हैं।

# गौ आश्रय स्थलों में गोवंशों को ठंड से बचाव के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्यवाही – सीडीओ गोरखनाथ भट्ट

**समाज जागरण**

बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गो वंशों को ठंड से बचाव के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गो वंशों को ठंड से बचाने हेतु पर्याप्त मात्रा में पोष्टिक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। गोवंश को ठंड से बचाव हेतु गो आश्रय स्थलों में शीत लहर के प्रभाव को रोकने के लिए त्रिपाल, बोरा, इत्यादि का प्रयोग किया जाए। वृद्ध, अशक्त तथा नवजात गो वंशों पर विशेष ध्यान दिया जाए। गौ आश्रय स्थलों पर गो वंशों हेतु जूट के बोरे के झूल का उपयोग किया जाए। गौ आश्रय स्थलों पर बोरा एवं टाट की उपलब्धता को लेकर भी



आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौ आश्रय स्थलों पर समुचित साफ सफाई तथा तथा पर्याप्त मात्रा में भूसा, पराली हरा चारा, दाना गुड़, आदि को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गौ आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहें अगर लापरवाही संज्ञान में आयी तो ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिव पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। केयर टेकर के भुगतान को लेकर भी निर्देशित किया तथा गो वंशों के शव का निस्तारण शासनादेश के अनुसार हो। पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान तथा केयर टेकर का संवेदीकरण किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह, समस्त खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लकड़ियों में घुसे रसैल वाइपर प्रजाति के सर्प को सर्प मित्र की टीम ने पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर। घर के पास रखी लकड़ियों में घुसे रसैल वाइपर प्रजाति के सर्प को सर्प मित्र की टीम ने पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। सर्प के पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। प्राप्त समाचार के अनुसार बुधवार को ग्राम दरबारपुर निवासी जय सिंह के घर के सामने रखी लकड़ियों में एक सर्प दिखाई दिया। अपराह्न करीब तीन बजे सर्पमित्र बी भास्कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू करते हुए सर्प को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। सर्पमित्र बी



भास्कर ने बताया कि पकड़ा गया सर्प रसैल वाइपर प्रजाति का था यह सर्प जहरीला होता है और इसके काटने से गलना व सड़ना भी शुरू हो जाता है। साथ ही रसैल वाइपर ठंड के मौसम में भी र बाहर ही घूमता फिरता है और इसकी खास बात यह है कि यह सीधे बच्चों को जन्म देता है।

# अपने ने उतारा अपने को मौत के घाट धारदार हथियार से भतीजे ने चाचा को मौत के घाट उतारा

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। कोतवाली शहर क्षेत्र के भरेरा में जमीन विवाद के चलते एक भतीजे ने अपने चाचा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल चाचा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना बिजनौर कोतवाली शहर के भरेरा गांव की है। गुरुवार सुबह (65) वर्षीय) नरेश सिंह पुत्र प्रवीण सिंह अपने खेत पर गए थे। इसी दौरान उनके भतीजे 45 वर्षीय नरेंद्र पुत्र गिरीश कुमार ने उन पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे नरेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद



पुलिस ने घायल नरेश सिंह को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, इलाज के दौरान उनकी
मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, नरेश सिंह और उनके भतीजे विनीत के बीच करीब एक साल से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी पुरानी रंजिश के चलते भतीजे ने चाचा पर धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी। मृतक नरेश सिंह के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। उनका बेटा दिल्ली में सीआईएसएफ में दरोगा के पद पर तैनात है, जबकि बेटी की शादीहो चुकी है। इस मामले में एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि कोतवाली शहर के भरेरा गांव में सुबह पहले से चले आ रहे जमीन विवाद को लेकर लड़ाई-झगड़ा हुआ था। इसमें भतीजे ने अपने चाचा पर धारदार हथियार से हमला किया, जिनकी अस्पताल में मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है

# राजद के समय सड़क और पुल का भी हो जाता था अपहरण: योगी

**– यूपी के मुख्यमंत्री ने बिहार की पूर्व उप मुख्यमंत्री व बेतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रेणु देवी के लिए की कमल खिलाने की अपील**
**– योगी ने चेताया– माफिया व अपराधियों को जब भी सत्ता का स्वाद चखाओगे तो कीमत चुकाओगे**
**– पीएम ने कांग्रेस व राजद की दलाली रोक दी, इसलिए वे मोदी जी को गाली देते हैं: योगी**
**– यूपी में माफिया को बुलडोजर से रौंद दिया गया है: मुख्यमंत्री**
**– विपक्षी दलों पर किया प्रहार, बोले– बिजली एनडीए देगी, लालटेन की लाइट में मोबाइल-लैपटॉप नहीं चार्ज कर पाएंगे**
**– योगी ने राजद को घेरा– यह लोग लालटेन दिखाकर बंद कर देते थे, फिर रात में डकैती डालते थे**
**– बोले योगी– रूझान बता रहे कि 14 नवंबर को फिर एनडीए सरकार का नारा होगा बुलंद**

पश्चिमी चंपारण, 6 नवंबरः उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाकि आज बिहार में विकास की सारी योजनाएं हैं। बिहार बदलकर समृद्धि की तरफ बढ़ा है। राजद काल में 1990 से 2005 के मध्य 60 से अधिक जातीय नरसंहार व अपहरण की 30 हजार घटनाएं हुईं। उस समय इंजीनियर, डॉक्टर, बच्चे, व्यापारी के साथ ही सड़क, पुल का भी अपहरण हो जाता था। पेशेवर माफिया व अपराधी इनके शागिर्द बनते थे। यूपी में माफिया को अब बुलडोजर से रौंद दिया गया है। सीएम ने मतदाताओं को चेताया कि माफिया व अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना चाहिए। जब भी इन्हें सत्ता का स्वाद चखाओ तो कीमत चुकाओगे। दंगाइयों को सत्ता का स्वाद चखने नहीं देना है।

### रूझान बता रहे कि 14 नवंबर को फिर एनडीए सरकार का नारा होगा बुलंद

सीएम योगी की बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार में ताबड़तोड़ रैली निरंतर जारी है। गुरुवार को दूसरी रैली में उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री व बेतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रेणु देवी के लिए कमल खिलाने की अपील की। यहां जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाया तो कांग्रेस व राजद गठबंधन पर करारा प्रहार किया। सीएम ने विपक्षी प्रत्याशियों की जमानत जब्त कराने की अपील की। सीएम ने कहा कि आज पहले चरण की 121 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हो रही है। नौजवान, किसान, श्रमिक, माताएं, बहनें, युवा सभी एनडीए को वोट दे रहे हैं। रुझान बता रहा कि 14 नवंबर को परिणाम आने पर एनडीए सरकार का नारा फिर बुलंद होगा।

### यूपी में माफिया को बुलडोजर से रौंद दिया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में इनके पार्टनर सपा व कांग्रेस माफिया को गले लगाकर चलती थी और जनता का शोषण करती थी। हमने कहा कि यह नहीं चलेगा। आज यूपी में नौजवान को नौकरी, रोजगार, शिक्षा, बहन-बेटियों को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन है। वहां युवा मस्त व माफिया पस्त है। यूपी में माफिया को बुलडोजर से रौंद दिया गया है। सीएम ने कहा कि लखनऊ में डीजीपी आवास के सामने दुर्दांत माफिया ने गरीबों की जमीनों पर कब्जा करके हवेली बनाई थी। एक दिन मैंने कहा कि इसे कब्जे में ले लो। मैं बताऊंगा कि क्या करना है। फिर कब्जे में लेकर उस हवेली पर बुलडोजर चलवाया गया। वहां हमने गरीबों के लिए 72 आवास बनाकर उन्हें चाबी सौंपी। यही काम प्रयागराज में भी किया। माफिया व अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना चाहिए। जब भी इन्हें सत्ता का स्वाद चखाओ तो इसकी कीमत चुकाओगे।

### पीएम ने कांग्रेस व राजद की दलाली रोक दी, इसलिए वे मोदी जी को गाली देते हैं

योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को बदला है। जो काम कांग्रेस 65-70 वर्ष में नहीं कर पाई, मोदी जी ने 11 वर्ष में कर दिया। 46 करोड़ बैंक अकाउंट खोल दिए गए, जिससे गरीबों, महिलाओं व लाभार्थियों का पैसा सीधे अकाउंट में जाता है। पीएम ने कांग्रेस व राजद की दलाली को रोक दिया है, इसलिए यह लोग मोदी जी को गाली देते हैं। राजद के समय बिजली नहीं आती थी, जबकि अब तीन करोड़ लोगों के घर में बिजली कनेक्शन दिए गए। लालटेन की लाइट में मोबाइल-लैपटॉप नहीं चार्ज कर पाएंगे, क्योंकि बिजली तो एनडीए ही देगी। यह लोग लालटेन दिखाकर बंद कर देते थे, फिर रात में डकैती डालते थे। कांग्रेस, राजद व सपा वाले जाति के नाम पर बांटने का कार्य कर रहे हैं। सीएम ने मतदाताओं को आगाह किया कि बंटे थे तो कटे थे। बंटना नहीं है, एकजुट होकर कांग्रेस-राजद के माफियाराज व जंगलराज का मुंहतोड़ जवाब देना है।

### कांग्रेस ने किसानों को भूखमरी की ओर ढकेला तो राजद ने उनका शोषण किया

सीएम ने बिहार की गौरवशाली धरा पर महापुरुषों का स्मरण किया। बोले कि मां जानकी ने इस धरा पर जन्म लेकर साक्षात लक्ष्मी का अवतार बनकर लोककल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। यूपी व बिहार सांझी विरासत के प्रतीक हैं। हमारा संबंध श्रीराम व मां सीता जैसा है।

# भनेड़ा में गुलदार दिखाई देने से दहशत का माहौल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर किरतपुर। क्षेत्र में गुलदार का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। भनेड़ा क्षेत्र में गुलदार के दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल है। युवा समाज सेवी, किसान नेता एंव प्रधान पद के उम्मीदवार शेख मौहम्मद कैफ ने वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर क्षेत्र में पिंजरा लगवाया। क्षेत्र के गांव भनेड़ा में आसपास के खेतों में गुलदार दिखाई दिया। गुलदार के दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने लोगों को इकठ्ठा किया। सूचना पर समाज सेवी, किसान नेता एंव प्रधान पद के उम्मीदवार शेख मौहम्मद कैफ, मोनिस, फैज आलम, फारुक, तालिब, सलमान, तय्यब, इम्मू एंव अन्य



ग्रामीणों की मौजूदगी में मौके पर वन कर्मियों को बुलाया गया और उन्हें गुलदार दिखाई देने पर उसे पकड़ने की मांग रखी। शेख मौ० कैफ ने बताया कि क्षेत्र में खेतों में कई स्थानों पर गुलदार दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि गुलदार को पकड़वाने के लिये वन विभाग द्वारा पिंजरा लगवा दिया गया है। शेख मौहम्मद कैफ ने कहा कि वह ग्रामीणों की सेवा को धर्म सेवा मानते हैं और ग्रामीणों की सेवा लिये 24 घंटे तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्रामीण को कभी भी मेरी आवश्यकता है तो बिला झिझक, बिना किसी भेदभाव के मुझसे मिल लें या मुझे बुला सकते हैं। मैं नेता बनकर नहीं सेवक बनकर ईमानदारी से काम करूंगा।

# स्कार्पियो ने बाइक में मारी टक्कर, पति-पत्नी की मौत पुत्र घायल

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनता बिजनौर किरतपुर।मेरठ पौड़ी नेशनल हाईवे पर बुधवार शाम करीब 5:30 बजे स्कॉर्पियो गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी बाइक सवार गौरव और उसकी पत्नी अंजू की मौके पर ही मौत होगी जबकि उसका 10 साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। वही पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के भेजा।

शहर की भरत विहार कॉलोनी निवासी गौरव अपनी पत्नी अंजू और 10 साल के बेटे आदित्य के साथ बुधवार सुबह ससुराल के गांव मोचीपुरा गया था।शाम को लौटते समय किरतपुर नजीबाबाद के बीच गांव मोचीपुर के संपर्क मार्ग से हाईवे पर पहुंचा तो तेज रफ्तार में आ रही स्कार्पियो ने बाइक में टक्कर मार



दी।टक्कर इतनी भयंकर थी की बाइक सवार गौरव और उसकी पत्नी अंजू की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दंपति का 10 साल का बेटा आदित्य गंभीर रूप से घायल हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज भेजा।उनके बेटे आदित्य को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार गौरव बिजनौर के मेडिकल अस्पताल में बतौर संविदा सफाई कर्मचारी था। गौरव के चचेरे ससुर ने बताया शाम के वक्त जब दोनों बिजनौर आने के लिए कह रहे थे तो उन्हें घर पर रोकने का प्रयास किया गया लेकिन गोरव ने कहा कि उसे शाम 7:00 बजे ड्यूटी पर पहुंचना है।जिस पर ससुराल वालों ने रोकने के लिए जोर नहीं दिया। पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे रिश्तेदारों में बताया कि अगर गौरव उसकी पत्नी वहीं पर रुक जाते तो यह हादसा नहीं होता।

# चैकिंग के दौरान पुलिस ने कच्ची शराब के साथ शराब माफिया पकड़ा

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर बढ़ापुर पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को अवैध कच्ची शराब यूरिया का शराब पैक करने वाली पन्नियों सहित गिरफ्तार करने का दावा किया गया है। स्थानीय पुलिस बर द्वारा पकड़े गया क्या व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए न चालान कर न्यायालय में पेश किया गया है। , बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम इस्लामाबाद चौराहे पर बढ़ापुर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान एक व्यक्ति को रोका गया। पुलिस को देख बाइक पर सवार भागने का प्रयास करने लगा जिसको के पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अमरीक पुत्र बलबीर निवासी ग्राम



का मधपुरी बताया पकड़े गए व्यक्ति के पास से पुलिस को एक हीरो होंडा हंक बाइक संख्या ना. 7AC 7643 पर लदी करीब 90 लीटर अवैध शराब तथा एक प्लास्टिक केन में करीब 6 लीटर शराब दो प्लास्टिक बाल्टी तथा उनमें करीब 3 किलो यूरिया एक बांस व एक सफेद पन्नी का बंडल मिला। बढ़ापुर पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए चलन कारण न्यायालय में पेश किया गया है। शराब विक्रेता को पकड़ने वाली टीम में उपनिरीक्षक शेखर कुमार मुख्य आरक्षी अजय कुमार, आरक्षी दीपक कुमार, पीयूष कुमार, मुकल कुमार आदि शामिल रहे। बढ़ापुर पुलिस द्वारा उपरोक्त आरोपों को पकड़ने एवं चालान करने की पुष्टि की गई है।

## गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित किया गया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद (बि.टा.)। नजीबाबाद में गुरु नानक देव के 556 वें प्रकाशोत्सव पर ग्राम महावतपुर बिल्लौच स्थित गुरुद्वारा में गुरुबाणी का पाठ किया गया। गुरबाणी का पाठ सुनकर संगत निहाल हो गई। इस मौके पर दीवान भी सजाये गये, साथ ही गुरबाणी का पाठ सुनकर संगत निहाल हो गई। पांचों बाणियों का संगता ने पाठ श्रवण किया, प्रथम भोग के बाद हजूरी रागी जत्था भाई जसवीर सिंह ने गुरबाणी शबद गायन से संगतों को निहाल किया। इसके उपरांत ज्ञानी मनजिंदर सिंह ने गुरु नानक जी के



प्रकाश दिवस पर प्रकाश डाला। आनन्द साहिब जी का पाठ भी किया गया।गुरु सिख भाईचारा सोसायटी के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, खजांची सरदार करने सिंह, पूर्व प्रधान सरदार बलवीर सिंह, सरदार बिट्टू सिंह,जसराम की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भोग के बाद संगतों में प्रसाद और लंगर का वितरण किया। इस मौके पर भारी संख्या में सिख समाज की महिलाए पुरुष उपस्थित रहे।

# विद्युत कटौती की समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

चंदौसी। अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता दीपलव श्रीवास्तव विद्युत वितरण खंड चंदौसी को ज्ञापन दिया ज्ञापन के माध्यम से वर्तमान समय में जो विद्युत शेड्यूल है उस पर असंतोष जाहिर कर बदलने कि मांग की।

विद्युत कटौती उस समय की जाती है जब आम जानता को विद्युत की अति आवश्यकता होती है घर के सभी कार्य सुबह में किए जाते है उस समय विद्युत की सप्लाई ना होना एक परेशानी वन जाता है ।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि सुबह के समय की यह कटौती लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह बिगाड़ रही है। घरों में महिलाएं गैस या इंडक्शन पर नाश्ता नहीं बना पा रहीं, बच्चों के स्कूल जाने की तैयारी प्रभावित हो रही है। बिजली के ना होने से पानी की सप्लाई भी बाधित हो जाती है । सुबह के समय सेहत के लिए टहलने वाले बुजुर्गों के लिए विद्युत का सुबह के समय ना होना एक बहुत बड़ी समस्या बन गया है। उन्होंने बताया कि सुबह का यही समय दिन की सबसे व्यस्त घड़ी होती है, जब हर घर में भागदौड़ चलती है-बच्चों को स्कूल भेजना, नौकरी या व्यापार के लिए तैयारी करना। ऐसे में बिजली जाने से पूरा कामकाज ठप पड़ जाता है।

छात्राओं का अंधेरे में तैयार होकर निकलना खतरे से खाली नहीं है। गलियों और रास्तों में स्ट्रीट लाइटें बंद होने से किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है।

अत जनमानस की गंभीर समस्या को देखते हुए विद्युत कटौती सुबह पांच से दस बजे तक और शाम पांच से रात के दस बजे तक किसी भी हाल में कटौती नहीं की जाए। प्रदेश मंत्री



शाह आलम मंसूरी ने अधिशासी अभियंता को अवगत कराया कि नगर की सबसे बड़ी समस्या स्मार्ट मीटर है जिन कंज्यूमर के स्मार्ट मीटर लगा है उसमें मैसेज और बिलिंग में काफी अंतर आ रहा है जिससे जनता व व्यापारी परेशान हैं सिर्फ बिल देखने के लिए अधिशासी अभियंता कार्यालय आना पड़ता है इसके लिए एक अलग काउंटर स्मार्ट मीटर संबंधित शिकायतों का लगाया जाए और उपखंड अधिकारी प्रथम के कार्यालय में भी स्मार्ट मीटर संबंधित समस्याओं को लेकर एक अलग स्टाफ बैठाया जाए उपखंड अधिकारी के कार्यालय में स्टाफ की कमी होने के कारण काफी उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, प्रभात कृष्णा, मोहित, अमोल शर्मा, जावेद, रितिक वार्ष्णेय, भाजपा नेता शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# गेहूं बीज के लिए गोदामों पर सुबह से ही पहुंच रहे किसान

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। जनपद के विकास खण्ड खेसरहा क्षेत्र के बेलवालगुनही स्थित राजकीय बीज गोदाम पर भारी भीड़ के वजह से गेंहू लेने के लिए किसानों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है,अब तक 650 क्विंटल बीज वितरित किया गया है,काफी मशक्कत के साथ कर्मचारियों ने बीज वितरित किया,ब्लॉक स्तरीय बीज गोदाम खेसरहा में विगत दिनों प्रमाणित बीज लेने के लिए सुबह से ही किसानों की भारी भीड़ लग गई,लेकिन शाम होने के वजह से काफी किसान घर चले गए,किसान रामहित किसुन शिवपूजन सहित तमाम लोगों ने बताया कि सुबह जब आया तो काफी भीड़ लग चुकी थी,शाम तक इंतजार करने के बाद नंबर नहीं आया तो वापस चला गया। बता दें कि सरकारी गोदाम पर 303 एवं 187 प्रजाति के गेहूं उपलब्ध है,इसे किसानों को सब्सिडी घटाकर दिया जा रहा है,इसके वजह से गोदामों पर सुबह से भारी भीड़ लग रही है,जबकि इन प्रजातियों के बीज की कीमत प्राइवेट दुकानों पर दो गुना ज्यादा है,इस संबंध में बीज गोदाम प्रभारी बिरेंद्र चौहान ने बताया कि नियमबद्ध तरीके से बीज का वितरण किया जा रहा है,अब तक छह सौ से अधिक किसानों को बीज दिया जा चुका है,सूत्रों के अनुसार गेहूं के बीज को लेकर किसान काफी परेशान हैं,गेहूं के बीज की संकट इटवा क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है,बताते चलें कि अधिकांशतः किसान,इस बात को लेकर भी हैरान परेशान हैं कि किस कंपनी का बीज खरीदा जाए जिससे कि नुकसान होने की संभावना न रहे।

# अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने विधायक को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर।अखिलभारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष आशीष पाण्डेय के अगुवाई मे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के नाम ज्ञापन सौंपा गया,जिला कार्यकारिणी द्वारा जनपद के विधानसभा कपिलवस्तु के लोकप्रिय जनप्रिय भगवा विधायक श्याम धनी राही को फार्मासिस्टों ने विभिन्न बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट करना केंद्र सरकार से मुख्य मांगों मे शेड्यूल को खत्म करना ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक सीएचओ की भर्ती मे फार्मासिस्ट को अहरता होलसेल लाइसेंस मे फार्मासिस्ट की अनिवार्यता जैसे मुद्दे शामिल हैं,फार्मासिस्टों ने कहा कि विधायक जी हम सब की बातो को गंभीरता से सुनते हुए मुख्यमंत्री जी तक हम सभी के मांगों को पहुंचाने के लिए आश्वासन दिए हैं,तथा अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को बिहार चुनाव के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलाने का भी आश्वासन दिए हैं,ज्ञापन देने के समय संगठन के जिला महामंत्री कौलेश्वर चौबे,जिला मीडिया प्रभारी शुभम चतुर्वेदी,संगठन मंत्री दिनेश कुमार, जिला सचिव सौरभ पाण्डेय,जिला उपाध्यक्ष आशुतोष चतुर्वेदी सक्रिय सदस्य परवेज आलम आदि उपस्थित रहे।

# कन्नौजः बैंक अपना ऋण-जमा अनुपात 50 फीसदी से ज्यादा करेंः डीएम

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी



कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति, बैंकर्स समिति तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से संबंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कोटक महिंद्रा बैंक का सीडी अनुपात रेशियो कम पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बैंकों का सीडी अनुपात 50 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि बैंकों को जनता का विश्वास बनाए रखना होगा, जो भी ग्राहक केवाईसी के लिए आता है, उसे आवश्यक सुविधाएँ अवश्य प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना राज्य सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं जनहितकारी योजना है। पिछली बैठकों में कुछ बैंकों, विशेषकर पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक तथा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा उदासीनता के चलते कई आवेदन निरस्त किए गए थे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष का आधा समय बीत चुका है अतः सभी बैंक अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिलाने हेतु सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ ताकि अधिक युवा स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि वर्तमान में प्राप्त 62 प्रतिशत उपलब्धि को बढ़ाकर इस माह के अंत तक 80-90 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद (ODOP) योजना के लक्ष्यों की भी ठोस रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए।उन्होंने यह भी कहा कि जिन स्थलों पर लाइब्रेरी स्थापित की जा रही हैं, वहाँ सुरक्षा, स्वच्छता और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही पशुपालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, अंडा उत्पादन एवं भेड़ पालन जैसी योजनाओं को लेकर गोष्ठियाँ आयोजित कर किसानों को जागरूक किया जाए ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि आगामी बैठकों में केवल वही बैंक प्रतिनिधि या प्रबंधक उपस्थित रहें, जिन्हें संबंधित योजनाओं एवं बैंक कार्यों की पूरी जानकारी हो, ताकि बैठकें प्रभावी एवं परिणामपरक हो सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रतिनिधि रामशंकर कठेरिया, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंक प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# कन्नौजः पूर्व विधायक ने एक्सिस बैंक शाखा का किया उद्घाटन

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी



गुरसहायगंज। फरुर्खाबाद रोड स्थित ग्राम खाड़ेदेवर में गुरुवार को एक्सिस बैंक शाखा का भव्य उद्घाटन पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश एवं नागरिकों के विकास में बैंकों की भूमिका बेहद अहम है। अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी आसानी से बैंकिंग सेवाएं मिल सकेंगी। पूर्व विधायक ने आगे कहा कि बिना बैंक सहयोग के कोई भी व्यापार या व्यवसाय सफल नहीं हो सकता। बैंक से सहायता लेकर कोई भी व्यक्ति सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार व्यापारियों व आम जनता की मूलभूत आवश्यकताओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही है।

कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक समीर खान के नेतृत्व में टीम डिप्टी मैनेजर चांद मिश्रा, डिप्टी मैनेजर देश कुमार, और ऑफिसर सेल्स अर्पिता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख अतिथियों में ब्लॉक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी, भाजपा नेता राजीव ठाकुर, किसान नेता इरशाद अली, समाजसेवी सैयद अहमद उसै, जिला अध्यक्ष मकबूल खान, पूर्व सभासद नफीस खान, ध्यानेंद्र सिंह, एडवोकेट शादाब हुसैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कन्नौजः सीडीओ ने स्वयम सहायता संचालित कोचिंग सेंटर का किया निरीक्षण

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी




कन्नौज। जिले के ठठिया कस्बे में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) रामकृपाल ने गुरुवार दोपहर एक स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित एच.आर.के. डिप्लोमा सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी, हवा और साफ-सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने छात्रों से उनकी पढ़ाई संबंधी जानकारी भी ली हालांकि, कोचिंग सेंटर में अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिला। साथ ही, वहां कोई अग्निशमन यंत्र भी मौजूद नहीं था, जो सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वयं सहायता समूह की मदद से आगे बढ़ रही हैं, जो एक सराहनीय कार्य है। सीडीओ ने कोचिंग सेंटर प्रबंधन को जल्द से जल्द फायर एनओसी प्राप्त करने और अग्निशमन यंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार, इस कोचिंग सेंटर में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के बाद छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। इनमें मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, बैंक, रेलवे, एसएससी, एयर फोर्स, आईएएस और एनडीए जैसी परीक्षाएं शामिल हैं।

# ऐतिहासिक और पौराणिक विरासत का प्रतीक है भारत-भारी मंदिर!

सुनील कुमार श्रीवास्तव
समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। जनपद के डुमरियागंज क्षेत्र में स्थित भारतभारी शिव मन्दिर और उसके सामने स्थित तालाब,जो लगभग 16 बीघे क्षेत्रफल में है,तालाब के किनारे हनुमान, रामजानकी और दुर्गा जी के मन्दिर स्थित है। कार्तिक पूर्णिमा को यहां बहुत बडा मेला लगता है, जो लगभग एक सप्ताह चलता है, जिसमें लाखों दर्शनार्थी भाग लेते है। इसके अतिरिक्त चैतराम नवमी और शिवरात्रि के पर्व पर भी यहां मेला लगता है। यूनाइटेड प्राविसेंज आफ अवध एण्ड आगरा के वाल्यूम 32 वर्ष 1907 के पृष्ठ-96 और 97 में इस स्थल का उल्लेख है कि वर्ष 1875 में भारत भारी के कार्तिक पूर्णिमा मेले में 50 हजार दर्शनार्थियों ने भाग लिया था। इस स्थल का ऐतिहासिक महत्व भी है। महाराज दुष्यंत के पुत्र भरत ने भारत भारी को अपनी राजधानी बनाया था। उस समय भारत भारी का नाम भरत भारी था। यह कहा जाता है कि जब पांडव अपने अज्ञातवास में आर्द्रवन से गुजर रहे थे तो उनसे मिलने भग्वान श्रीकृष्ण भारत-भारी गांव से ही गुजरे थे। यहां उन्होंने शिव मन्दिर देखा तो रूक गये और पास के सागर में स्नान करने के बाद मन्दिर में जाकर पूजा अर्चना की। यह भी किवदन्ती है कि जब राम और रावण के बीच युद्ध हुआ तो राम के भाई लक्ष्मण जब मुर्छित हो गये थे तो हनुमान जी



संजीवनी बूटी भारत-भारी होकर ले जा रहे थे, जिन्हें देखकर भरत ने उन्हें राम का कोई शत्रु समझकर तीर मारा और हनुमान पर्वत लेकर वहीं गिर पडे, वहां गड्ढा हो गया जो तालाब के रूप में परिवर्तित हो गया। हनुमान को देखकर भरत को पछतावा हुआ और उन्होंने यहां शिव मंदिर की स्थपना करायी। यह भी जनश्रुति है कि महाराज दुष्यन्त के पुत्र भरत ने इसे अपनी राजधानी बनाया था जिससे इसका नाम भारत भारी पडा, जो एक बहुत बडे नगर के रूप में स्थापित हुआ था। बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय के प्राचीन इतिहास पुरातत्वविद श्री सतीश चन्द्र ने भारत भारी का स्थलीय निरीक्षण करके मूर्तियों, धातुओं, पुरा अवशेषों के अवलोकन के बाद इसके ऐतिहासिक स्थल होने की पुष्टि की है। प्राचीन टीले और कुएं के नीचे दीवालों के बीच में कहीं-कहीं लगभग 8 फीट लम्बे नरकंकाल मिलते हैं, जो इतने पुराने होने के कारण इस स्थिति में हो गये हैं कि छूने पर राख जैसे विखर जा रहे है। भूमिगत पुरावशेषों से इसके आलीशान नगर होने की पुष्टि इससे भी होती है कि किले के नीचे तमाम ऐसी नालियां हैं, जो आपस में जुडकर अन्त में जलाशय से जुड़ गयी है। पुरातत्व विभाग ने कुषाण काल के ऐतिहासिक स्थल के रूप में 10 वर्ष पहले इसे सूचीबद्ध किया है। भारत-भारी एक ऐतिहासिक पौराणिक स्थल है, जिसे एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# युवक को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने के आरोप में दो बहनें गिरफ्तार!

**जिले के खेसरहा थाना क्षेत्र के बरनवार गाँव की घटना**

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। जनपद में एक और दिल दहला देने वाला मामला प्रकाश में आया है, जहाँ पर एक युवक को दो बहनों और उसके भाई ने मिलकर जिंदा जला दिया,यह वारदात विगत दिनों की बताई जा रही है,जानकारी के अनुसार खेसरहा थाना क्षेत्र स्थित बरनवार गांव में एक युवती ने युवक को अपने घर भोजन पर बुलाया। उसने अपनी बहन और भाई की मदद से उसके ऊपर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा दी। युवक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई,पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दोनों युवतियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके आरोपी भाई की तलाश कर रही है,खेसरहा थाना क्षेत्र स्थित बरनवार गांव निवासी नृत्यगोपाल का पुत्र कृष्णदेव उर्फ रोहित पांडेय (32) बुधवार की रात में संदिग्ध परिस्थितियों में बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने कृष्णदेव उर्फ रोहित पांडेय की हालत गंभीर देखकर उसे रेफर कर दिया,परिजनों ने उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती करा दिया जहां गुरुवार की दोपहर में कृष्णदेव की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में कृष्णदेव की पत्नी पूनम ने खेसरहा थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि विगत दिनों तकरीबन 8 बजे गांव की ही दो युवतियों ने उसके पति को अपने घर पर भोजन करने के बहाने बुलाया,धोखे से दोनों युवतियों ने उसके पति के ऊपर पेट्रोल डाल दिया,उनके भाई राकेश ने माचिस जलाकर आग लगा दी,उसके पति धू-धू कर जलने लगे। उन्होंने किसी तरह कपड़ों में लगी आग बुझाई। हालांकि वह तब तक 70 फीसदी जल गए थे। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार दोनों युवतियों और उनके भाई राकेश के खिलाफ पर 109 (1) ,118 (2) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस ने दोनों आरोपित युवतियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। सीओ सुजीत राय ने कहा कि इस मामले में केस दर्ज कर दोनों युवतियों को गिरफ्तार कर लिया गया है,और आरोपी बहनों के भाई की तलाश जारी है।

# कन्नौजः मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग स्टाफ का हंगामा

**विधायक ने नौकरी न जाने का भरोसा दिलाया, लिखित आश्वासन पर अड़ी नर्सें**

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी



कन्नौज। मानदेय की मांग करने पर सेवा समाप्ति की बात पता चलते ही आउटसोर्सिंग स्टाफ भड़क गया। यहां महिला और पुरूष नर्सों ने हंगामा शुरू कर दिया। यहां पहुंचे भाजपा विधायक के सामने भी गुरुवार को हंगामा होता रहा। उन्होंने मानदेय दिलाने और अगला टेंडर होने पर जॉब का भरोसा दिया लेकिन आउटसोर्सिंग स्टाफ लिखित में आश्वासन देने की जिद पर अड़ा रहा। जिसके बाद विधायक वहां से चले गए। तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग माध्यम से 83 महिला और पुरुषों को जॉब दी गई थी। ये जॉब शिवम इंटरप्राइजेज कम्पनी की ओर से मिली थी। जिसका टेंडर मई 2025 में हुआ था। जून महीने में 83 कर्मियों को रखा गया लेकिन इन कार्मिको को नियुक्ति तिथि 16 जून 25 से अब तक कोई मानदेय नहीं मिला। इस बीच कम्पनी का टेंडर निरस्त कर दिया गया जिस कारण कर्मियों का मानदेय और जॉब दोनों खतरे में पड़ गए। ऐसे में जब आउटसोर्सिंग कर्मियों ने मानदेय की मांग प्राचार्य सीपी पाल से की तो उन लोगों को बताया गया कि जल्द ही मानदेय दे दिया जाएगा, इसके साथ ही सेवा समाप्त हो जाएगी। मानदेय लेकर आप लोग अपने घर जा सकते हैं। इतना सुनते ही आउटसोर्सिंग स्टाफ भड़क गया और हंगामा करने लगा। मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा के क्षेत्रीय विधायक कैलाश राजपूत वहां पहुंच गए। उन्होंने प्राचार्य से बात की और फिर आउटसोर्सिंग कर्मियों को समझाने का प्रयास करते हुए कहा कि सभी का मानदेय दिलाया जाएगा।

हालांकि स्टाफ ने सेवा समाप्ति को लेकर रोष प्रकट किया तो। विधायक ने कहा कि किसी की नौकरी नहीं जाएगी। नई कम्पनी को ठेका मिलने पर सभी को दोबारा से जॉब पर रखा जाएगा। हालांकि इस बात को आउटसोर्सिंग कर्मी लिखकर देने की बात कहने लगे, जिसके बाद विधायक कैलाश राजपूत वहां से चले गए। इस से पूर्व यह सभी कार्मिक मंगलवार की देर शाम कलेक्ट्रेट पहुँचे और और उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्र सिंह से मिलकर उन्हें अपनी समस्या बताई तो आश्वासन मिला कि प्राचार्य से बात कर प्रशासन मामला हल कराएगा। आज सुबह यह सभी कार्मिक पुनः कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को ज्ञापन देना चाहा पता चला कि जिलाधिकारी एक वीसी में व्यस्त है तो उनके स्थान पर एसडीएम सदर सुश्री वैशाली और प्रशिक्षु अफसर अर्पित कुमार से उनकी भेंट हुई दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन लिया। दोनों आईएएस अधिकारी है। अफसरों ने भरोसा दिलाया कि वे शासन तक उनकी बात आज ही पहुंचा देंगे। इसके बाद आंदोलित कार्मिक वापस लौट गए।

# कन्नौजः कन्नौज की कला, संस्कृति और धरोहरों को संवारने का काम कर रही है भारतीय राष्ट्रीय कला न्यास-असीम अरुण

**न्यास की टीम ने किया जनपद कन्नौज के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण**

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी




कन्नौज। कन्नौज की कला, संस्कृति और धरोहरों को संवारने और संरक्षित करने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय कला न्यास एवं सांस्कृतिक विरासत संगठन, नई दिल्ली की छह सदस्यीय टीम ने जनपद कन्नौज के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की पहल पर कन्नौज आई भारत सरकार की टीम का नेतृत्व हरीश बेंजवाल (वरिष्ठ अनुसंधान सहयोगी, अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर प्रभाग), मिताली विज (परियोजना प्रबंधक, स्थापत्य विरासत प्रभाग) ने किया। टीम ने अपने भ्रमण के दौरान आल्हा-ऊदल किला, मस्जिद मखदूम जहानिया (बावन खंभा मस्जिद), राजा जयचंद्र किला, सुगंध एवं फ्लेवर विकास केन्द्र (एफएफडीसी), कन्नौज संग्रहालय एवं रोमा स्मारक, अन्नपुर्णा मंदिर, लाखबहोशी, मेहंदीघाट, आनंद भवन पैलेस तिर्वा सहित अनेक स्थलों का दौरा किया।

मंत्री असीम अरुण ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम ने जनपद की सांस्कृतिक, स्थापत्य एवं धार्मिक विरासत के संरक्षण, सौंदर्यीकरण तथा पर्यटन संभावनाओं को लेकर विस्तृत अध्ययन किया। इस अवसर पर विचित्र वीणा वादक व आल्हा विद्या के जानकार एवं स्थानीय अधिकारियों के साथ संवाद करते हुए टीम ने जनपद की ऐतिहासिक महत्ता, पारंपरिक शिल्पकला एवं इत्र उद्योग की प्राचीनता पर विशेष चर्चा की। इस दौरान टीम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी के साथ अपने अनुभव साझा किए और विरासत संरक्षण व सतत पर्यटन विकास पर उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए। टीम द्वारा बताया कि कन्नौज की ऐतिहासिक धरोहरें न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश की संस्कृति और गौरव का प्रतीक हैं। रिपोर्ट के आधार पर इन स्थलों के संरक्षण, संवर्धन एवं सतत पर्यटन विकास की दिशा में ठोस योजनाएं तैयार की जाएंगी। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि कन्नौज की प्राचीनता, इसकी ऐतिहासिक भव्यता और सांस्कृतिक गरिमा हमारी विरासत की आत्मा है। संस्था के सहयोग से इन धरोहरों के संरक्षण एवं पर्यटन विकास के लिए ठोस पहल की जाएगी, जिससे कन्नौज को वैश्विक पहचान मिले।

# कन्नौजः वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विविध कार्यक्रम होंगे

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद कन्नौज में वर्षभर विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि वंदे म्मातरम गीत, जिसे स्व. बंकिम चन्द्र चटर्जी ने वर्ष 1875 में रचा था, हमारे राष्ट्रीय गौरव, एकता और स्वाभिमान का प्रतीक है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इस गीत ने देशवासियों में देशभक्ति की चेतना जागृत की। उन्होंने बताया कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित कार्यक्रमों के तहत यह आयोजन 07 नवम्बर से अगले वर्ष 07 नवम्बर तक चार चरणों में सम्पन्न होंगे। प्रथम चरण 07 से 14 नवम्बर 2025 तक मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत जनपद के सभी विद्यालयों में प्रातः 10:00 बजे वंदे मातरम का सामूहिक गायन एवं परिचिर्चा आयोजित की जाएगी। साथ ही रैली, प्रभात फेरी, निबंध, भाषण, काव्यपाठ एवं रंगोली जैसी देशभक्ति प्रतियोगिताएं भी होंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस अवसर पर शहीद स्मारकों, पुलिस एवं पी.ए.सी. बैंड द्वारा वंदे मातरम ध्वनि वादन तथा संस्कृति विभाग द्वारा विषय आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रदर्शनी आयोजित की जाएं। सभी विभाग अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रमों की जानकारीhttps://culturalevents.in पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा, एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। इसके माध्यम से नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना और अधिक सशक्त होगी।

# कन्नौजः सिटी हॉस्पिटल तिर्वा का लाइसेंस निरस्त

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं पूर्णतः मानक के अनुरूप और जनहित में संचालित की जाएं। उन्हीं के निदेर्शों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सिटी हॉस्पिटल, तिर्वा का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई अनियमितताएं तथा चिकित्सकों की अनुपस्थिति पाई गई। मानकों के विपरीत पाई गई व्यवस्थाओं और नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जनपद में किसी भी निजी अस्पताल या नर्सिंग होम में लापरवाही, अनियमितता अथवा बिना योग्य चिकित्सक के संचालन की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी निजी चिकित्सालयों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित मानकों का पूर्ण पालन करें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

# कन्नौजः खाद न मिलने पर किसानों ने काटा हंगामा

**सहकारी समिति पर मची रही अफरा तफरी, किसानों का आरोप कई दिन से लगा रहे चक्कर**

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी



कन्नौज। गुरुवार को मोहल्ला रामगंज स्थित किसान सेवा सहकारी समिति पर डीएपी खाद को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा काटा। सचिव से तीखी नोंकझोंक हुई। किसानों का आरोप है कि कई दिन से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल रही है। भरपूर खाद होने का दावा करने वाले प्रशासन की पोल मोहल्ला रामगंज स्थित किसान सेवा सहकारी समिति पर किसानों की भीड़ देखने पर खुलती नजर आ रही है। किसान खाद के लिए परेशान है। गुरुवार को केंद्र पर खाद के लिए किसानों की भारी भीड़ लगी रही। कई दिनों से चक्कर लगा रहे किसानों को डीएपी खाद न मिलने पर उन्होंने जमकर हंगामा काटा। ग्राम भवनियापुर निवासी सर्वेश कुमार धनीधरपूर्वा निवासी भुवनेश्वर दयाल रसूलपुर निवासी श्याम किशोर पनगवा के संतराम वहेलियनपुरवा के फूल सिंह कुडरी पुरवा के सुधांशु ने बताया कि आलू की फसल खेत में खड़ी है जिसके लिए डीएपी खाद की जरूरत है। केंद्र पर 5-6 दिन से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रही है। किसानों का आरोप है कि समिति पर अपने चहेतों को खाद दी जा रही है। काफी मिन्नत के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल रही है जिससे खेत में खड़ी फसल आलू की खराब हो रही है। किसानों का आरोप है कि उनसे अधिक दाम भी वसूले जा रहे हैं। सचिव रामनरेश द्विवेदी ने बताया कि केंद्र पर 700 बोरी डीएपी खाद मौजूद है किसान एक साथ आ रहे हैं जिसकी वजह से खाद बांटने में समस्या हो रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी को खाद मिलेगी।

# महिलाओं को आत्म निर्भर बनाना हमारा लक्ष्य, रेणु शर्मा

**समाज जागरण**

कालांवाली 6नम्बर (सुरेश जोरासिया) मार्किट कमेटी कालांवाली में किसान रेस्ट हाऊस में भाजपा कि ओर से जिला महिला सम्मेलन का विशेष क्रार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता महिलाओं पदाधिकारियों ने काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षकता वीणा माहेश्वरी महिला मंडल कालांवाली ने कि। जिला प्रधान रेणु शर्मा एवं महिला मंडल जिला अध्यक्ष बेगों रानी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उपस्थित महिलाओं को मोदी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए अनेक योजनाएं बताई और महिलाओं को आगे बढ़ाने पर मोदी




सरकार और बीजेपी का आभार व्यक्त किया' इस अवसर पर रेणु शर्मा और बेगू रानी ने लाडो लक्ष्मी योजना लागू करने की जानकारी देते हुए बताया की हमारी सरकार ने महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने वाली अनेक योजनाएं बनाई है उसका लाभ लेकर महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने मे मदद कर रही है। इसलिए यह सम्मेलन किया किया गया है, इस अवसर पर जिला बीजेपी कार्यकारणी और महिला मोर्चा की कार्यकारणी और महिला पंच सरपंच, उपस्थित रहे ' अंत में वीणा माहेश्वरी ने सभी का सम्मेलन में भाग लेने पर एवं कार्यक्रम को सफल बनने पर तहदिल से आभार जताया किया।

# कांग्रेस पार्टी द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए गुरु साहिब की तस्वीर का इस्तेमाल सिख भावनाओं का हनन - एडवोकेट धामी

## शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 6 नवंबर (रघुनंदन पराशर): कांग्रेस पार्टी द्वारा राजनीतिक प्रचार के लिए अपने बैनरों में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का शीश लिए भाई जीवन सिंह की तस्वीर का इस्तेमाल किए जाने का संज्ञान लेते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के आरोप में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। कार्यालय से जारी एक बयान में शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट धामी ने कहा कि गुरु साहिब की तस्वीर पर किसी व्यक्ति की तस्वीर



लगाना एक बड़ी भूल है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है कि कांग्रेस पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी और भाई जीवन सिंह जी जैसे महान व्यक्तित्वों की तस्वीरों पर अपने राजनीतिक नेताओं की तस्वीरें लगाकर सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुँचाई है। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा सिख गुरुओं की तस्वीरों का इस्तेमाल लोगों को प्रभावित करने के लिए करना पाप है, लेकिन तस्वीरों पर अपने राजनीतिक नेताओं की तस्वीरें छापना उससे भी बड़ी गलती है। एसजीपीसी अध्यक्ष ने कांग्रेस पार्टी से इस कृत्य के लिए सिख समुदाय से तुरंत माफी मांगने को कहा, साथ ही पुलिस प्रशासन से सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुँचाने के लिए ज़िम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की भी मांग की।

# मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग से देंगे हरी झंडी

## फिरोजपुर - नई दिल्ली वाया फरीदकोट नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन कल से दौड़ेगी

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,6 नवंबर : रेलवे विभाग ने पंजाब के फिरोजपुर से नई दिल्ली वाया बठिंडा के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।जिसकी मंजूरी दे दी है।रेलवे विभाग के एक अधिकारी के अनुसार नई ट्रेन संख्या 26461-26462 फिरोजपुर -नई दिल्ली के बीच चलेगी। ट्रेन का ठहराव फरीदकोट, बठिंडा ,धूरी, पटियाला, अंबाला कैंट , पानीपत व नई दिल्ली स्टेशनों पर



रहेगा। ट्रेन चलाने की समय-सारणी भी जारी कर दी गई है। यह ट्रेन फिरोजपुर से सुबह 7.35 बजे रवाना होकर नई दिल्ली दोपहर 2.35 बजे पहुंचेगी जबकि नई दिल्ली से फिरोजपुर के लिए सायं 4 बजे चलकर रात 10.35 बजे पहुंचेगी।वहीं, रेलवे विभाग ने ट्रेन संख्या 22485-22486 नई दिल्ली - मोगा वाया लुधियाना इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार फिरोजपुर तक करने की भी सहमति प्रदान कर दी गई है। सूत्रों का कहना है कि यह ट्रेन 8 नवंबर को चलेगी।

# दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय फिरोजाबाद में संविधान जागरुकता से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन!

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय, फिरोजाबाद में संविधान जागरूकता से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी में रेंजर्स इकाइयों की कुल 31 छात्राओं के दो समूह अ तथा इ बनाए गए तथा प्रत्येक समूह से संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, निर्माण, मौलिक अधिकार तथा मौलिक कर्तव्य पर आधारित कुल 15- 15 प्रश्न पूछे गए। जिसमें समूह अ ने 15 में से 6 प्रश्नों के सही उत्तर दिए तथा समूह इ 15 प्रश्नों में से



12 सही उत्तरों के साथ प्रतियोगिता में विजयी बना । इस प्रतियोगिता में समूह इ की साक्षी तथा समूह अ की मुस्कान ने प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का समन्वयन एवं संचालन रोवर्स रेंजर्स इकाइयों के अधिकारी डॉ शारदा सिंह तथा डॉ पूजा सिंह द्वारा किया गया।

# वंदे मातरम गीत नहीं बल्कि मां भारती के प्रति समर्पण का प्रतीक है --मनीष असीजा

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में उत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में फिरोजाबाद शहर में भी विशेष कार्यक्रम रखा गया है। नगर विधायक मनीष असीजा और महापौर ने आज होटल मोनार्क में प्रेस वार्ता कर बताया कि कल शहर के जैन मंदिर चौराहे पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, युवा, व्यापारी व आमजन शामिल होंगे। प्रेस वार्ता के दौरान




विधायक मनीष असीजा ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आजादी की भावना और माँ भारती के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है। वहीं महापौर ने सभी शहरवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की। प्रेस वार्ता के दौरान सदर विधायक मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर,महामंत्री राधेश्याम यादव,रामनरेश कटारा, अनुपम शर्मा,आकाश, शिवम आदि लोग उपस्थित रहे।

# तनाव प्रबन्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में ग्रीन हर्बल हेल्थ सेंटर योजना के तहत तनाव प्रबन्धन के सम्बन्ध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यशाला में डॉ दीपावली बंसल सीनियर रेजीडेन्ट (मानसिक रोग), दिनेश कुमार स्टाफ नर्स मानसिक रोग, एवं श्री शशि देव भार्गव काउंसलर मानसिक रोग ने प्रतिभागियों को तनाव प्रबन्धन के विभिन्न पहलुओं पर लोगो को बताया। तनाव के कारणों, प्रभावों




और प्रबंधन के तरीकों पर चर्चा की। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने तनाव प्रबन्धन के विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया।कार्यशाला में करीब 145 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला के उद्देश्य तनाव प्रबन्धन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना, तनाव को कम करने के लिए प्रभावी तकनीकों से परिचित करानातह प्रतिभागियों को तनाव प्रबन्धन के लिए प्रेरित करना था।

कार्यशाला के समापन पर मानसिक विशेषज्ञ ने प्रतिभागियों को तनाव प्रबन्धन के लिए प्रेरित किया। उन्हें अपने जीवन में तनाव को कम करने के लिए प्रयास करने के लिए कहा। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को तनाव प्रबन्धन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना और उन्हें तनाव को कम करने के लिए प्रभावी तकनीकों से परिचित कराना था।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सुरेन्द्र विक्रम सिंह, एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सुधिवास असंध स्टेट हाईवे का सड़क विस्तारिकरण कार्य धीमा चलने से दुकानदार व लोग परेशानी से जूझ रहे हैं

**दिन भर उड़ती धूल, मिट्टी और कचरे से लोगों को घुटन बने रहने से बीमारी के खतरे ने बढ़ाई चिंता व परेशानी**

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

बहल, 6 नवंबर। सुधिवास असंध स्टेट हाईवे का सड़क विस्तारिकरण कार्य धीमा चलने से दुकानदार व लोग परेशानी से जूझ रहे हैं और दिनभर उड़ती धूल, मिट्टी और कचरे से लोगों को घुटन बने रहने से बीमारी के खतरे ने बढ़ाई चिंता व परेशानी। तो पब्लिक की शिकायत के बाद पानी का छिड़काव करवाकर लोगों को दिला रहे दिलाशा, कार्य प्रगति में लाने को अब भी नहीं संजिदगी। सुधिवास असंध स्टेट हाईवे का बहल मुख्य बाजार में सड़क का विस्तारिकरण का कार्य प्रगति पर है और ऐसे जन असुविधा होना जाहिर सी बात है। लेकिन सड़क निर्माण कार्य बेहद कछुआ चाल की गति से जारी है और अनियमितताओं का बोलबाला अलग से परेशानी की शिकायत भी मिल रही हैं। बावजूद इसके न विभाग संजिदा दिखाई दे रहा और ना ही प्रशासन। पिछले करीब 3 महीने से सड़क चौड़ीकरण के



अंतर्गत इंटर लोकींग ईंटों का खडंजा लगाया जा रहा है। ऐसे में सड़क का आवागमन तो प्रभावित हो ही रहा है साथ में दुकानदारों का भी कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं सड़क खडंजा निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने को लेकर भी खबरें वायरल होती है। हाल स्थिति यह है की सड़क का खडंजा निर्माण कार्य मुख्य बाजार व सड़क पर अति धीमी गति से करवाया जा रहा है।ऐसे में उड़ती धूल मिट्टी कचरा की लोक निर्माण विभाग को की गई शिकायत के बाद पानी की छिड़काव किया जा रहा है। लेकिन काम करने का रवैया नहीं बदला जा रहा है। दुकानदार व वाहन धारकों की मांग की सड़क विस्तारिकरण कार्य जल्द पूरा करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। पानी का छिड़काव समस्या का समाधान नहीं। उल्लेखनीय है कि महीनों से सड़क विस्तारिकरण निर्माण चल रहा है एक तो यह कार्य अनियमिताओं के भेट चढ़ा है। दूसरा लोगों की समस्या बना है। ऐसे में विभाग की लापरवाह पूर्वक कार्रवाई के चलते निर्माण एजेंसी अपने तरिके से कार्य करने में मस्तगुल है।

# नशा बेचने व तस्करी करने वाले आरोपितों के खिलाफ पुलिस की मुहिम हो रही है कारगर साबित

## बहल क्षेत्र के गांव सिधनवा से एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब की 84 बोतलों के साथ किया गिरफ्तार

**समाज जागरण,( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

बहल, 6 नवंबर। नशा बेचने व तस्करी करने वाले आरोपितों के खिलाफ पुलिस की मुहिम कारगर साबित हो रही है। पुलिस ने इसी कड़ी में स्पेशल स्टाफ ईशरवाल ने थाना बहल क्षेत्र के गांव सिधनवा से एक व्यक्ति को अवैध शराब देशी के साथ किया गिरफ्तार। आरोपित के कब्जे से पुलिस ने 84 बोतल अवैध शराब देशी की बरामद की है। पुलिस ने यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार करते हुए स्पेशल स्टाफ ईशरवाल की टीम ने गांव सिधनवा से एक व्यक्ति से अवेध शराब देशी के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

स्पेशल स्टाफ ईशरवाल के उप निरीक्षक विनोद कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा गांव सिधनवा मौजूद थे। जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति उसके मकान के सामने मोबाइल फोन की दुकान में दो प्लास्टिक कट्टों में काफी मात्रा में अवैध शराब देशी रखी हुई है। पुलिस टीम के द्वारा प्राप्त सूचना की महत्वता को देखते हुए बताए गए स्थान पर रेड करके एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान मनीष उर्फ कालिया वासी सिधनवा जिला भिवानी के रूप में हुई है। आरोपित मनीष के विरुद्ध थाना बहल में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही अमल में लाई गई है।

# अनेकता में एकता का अनुपम उदाहरण

## सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की सानिध्य में निरंकारी 126 सामूहिक शादियाँ

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, 6 नवम्बर :78वें निरंकारी संत समागम के समापन उपरांत, समालखा के उन्हीं मैदानों में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की उपस्थिति में सादगीपूर्ण निरंकारी सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवविवाहित युगलों ने परिणय सूत्र में बंधकर अपने नवजीवन की मंगलमय शुरूआत हेतु सतगुरु से शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया।यह समारोह अत्यंत अनुपम और प्रेरणादायी रहा, जहाँ भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों बिहार, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड सहित विदेश जैसे ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से 126 नव युगल सम्मिलित हुए।इस शुभ अवसर पर 126 वर-वधू एक ही स्थल से एकत्व और सरलता का सुंदर संदेश





देते हुए परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर मिशन के वरिष्ठ अधिकारीगण, वर-वधू के परिजन, श्रद्धालु भक्तगण ने इस दिव्य एवं भावनात्मक दृश्य का भरपूर आनंद प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारम्परिक जयमाला एवं निरंकारी परंपरा के विशेष सांझा-हार से हुआ। तत्पश्चात भक्तिमय वातावरण में निरंकारी लावों का हिंदी भाषा में गायन किया गया, जिनकी प्रत्येक पंक्ति नवविवाहित युगलों के लिए आध्यात्मिक संदेशों एवं गृहस्थ जीवन की कल्याणकारी शिक्षाओं से परिपूर्ण थी। आयोजन के दौरान सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवृष्टि कर उन्हें सुखमय, आनंदमय एवं समर्पणमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।यह आयोजन प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी अपनी सादगी, समरसता और एकत्व के दिव्य संदेश से आलोकित रहा, जो जाति, धर्म, भाषा और प्रांतीय भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता के एक सुंदर, समग्र एवं प्रेरणादायी स्वरूप को अभिव्यक्त करता है।

सतगुरु माता जी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आज इस पावन अवसर पर सभी जोड़े सुंदर रूप में सजे हुए हैं। विवाहित जीवन की सार्थकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि यह समारोह केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि प्यार, सम्मान और सहयोग से भरे पवित्र मिलन का प्रतीक है। विवाहित जीवन में यह बराबरी और सांझेदारी का संदेश देता है। जिस प्रकार लावों में भी बताया गया, यदि आध्यात्मिक प्रयास में किसी का योगदान कम हो, तो दूसरा उसे प्रोत्साहित करे, जिससे जीवन की यात्रा संतुलन और सामंजस्य के साथ आगे बढ़े।सतगुरु माता जी ने यह भी स्पष्ट किया कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं है, बल्कि यह दो परिवारों का पवित्र संगम है। इस मिलन में दोनों पक्ष अपने सामाजिक और पारिवारिक उत्तरदायित्वों के साथ सेवा, सत्संग, सुमिरण और भक्ति के पहलुओं को भी निभाते हैं। अंत में सतगुरु माता जी ने नवविवाहितों के वैवाहिक जीवन के लिए मंगलकामना करते हुए प्रार्थना की कि निरंकार प्रभु की अनंत कृपा सभी पर बनी रहे और यह पवित्र मिलन खुशी, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक बनकर ताउम्र स्थायी रहे।संत निरंकारी मंडल के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा जी ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आज सतगुरु माता जी के सान्निध्य में इस वर्ष लगभग 126 जोड़े भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी सम्मिलित हुए।

देश के विभिन्न राज्यों से आए 126 वर वधू जोड़े का सामूहिक शादियां का दृश्य।

# शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट धामी ने बाबा अवतार सिंह सुरसिंह से मुलाकात कर पंथिक विचारों पर चर्चा की

**समाज जागरण**

जैतो, 6 नवंबर (रघुनंदन पाराशर): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने पुनः अध्यक्ष बनने के बाद आज यहाँ दल बाबा बिधि चंद संप्रदाय के प्रमुख बाबा अवतार सिंह सुरसिंह से मुलाकात की और पंथिक विचारों पर चर्चा की तथा नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी प्रकाश पर्व के कार्यक्रमों पर चर्चा की। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि सिख पंथ में समुदाय के प्रत्येक संगठन का बहुत सम्मान है और पंथ के प्रतिनिधि संगठन के मुख्य सेवक होने के नाते सभी के साथ समन्वय स्थापित करना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि



सिख पंथ और निहंग सिंह संगठनों ने हमेशा पंथ की उन्नति के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में धर्म के प्रचार के लिए पंथिक एकता के साथ काम करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है और शिरोमणि कमेटी सिख धर्म के प्रचार और पंथिक कार्यों के लिए सभी का सहयोग लेगी। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी सदस्य भाई राजिंदर सिंह मेहता, ओएसडी स. सतबीर सिंह, धर्म प्रचार कमेटी के सचिव स. बलविंदर सिंह काहलवां और अन्य उपस्थित थे।

# इच्छापूर्ण श्याम मंदिर जैतो में मनाया दीप-दान पर्व 365 दीपों से जगमगाया मंदिर

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,6, नवंबर :प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री श्याम सेवा मंडल जैतो गंगसर द्वारा संचालित श्री इच्छापूर्ण श्याम मंदिर में आज दीप दान पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया। मंदिर कमेटी के पीआरओ श्री नरेश मित्तल ने बताया कि मंदिर



पुजारी श्री छविनाथ त्रिपाठी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर कमेटी के प्रधान श्री संजीव कुमार टिनू शर्मा ने दीप प्रज्वलित करने की रस्म अदा की। तत्पश्चात प्रोजेक्ट चेयरमैन श्री यशपाल जिन्दल,मंडल सरपरस्त श्री विनोद शर्मा,श्री संजय काका जिन्दल, हैप्पी जिन्दल और विकास दीपू बांसल द्वारा 365 दीपों को प्रचलित करने के बाद सभी दीपों को मंदिर में रखा, जिससे पूरा श्री श्याम मंदिर जगमगा गया। इस कार्य में श्री शालू शर्मा, श्री भीमसेन गोयल, श्री गगन जिन्दल ,श्री नविस जिन्दल के इलावा श्रीमती सुषमा शर्मा व श्रीमती अनीता गोयल के इलावा अन्य सदस्यों का भी सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि अभी कुछ दिन पहले ही मंदिर में देव उठनी ग्यारस बड़ी धूमधाम से मनाई गई थी।

# पेट्रोल पंप मैनेजर और कर्मचारियों से मारपीट, 47 हजार रुपए लूटे – किसान यूनियन (भानु) गुट के नेताओं पर आरोप

## गणपति फिलिंग स्टेशन पर दबंगई, मुख्यमंत्री को भेजा गया प्रार्थना पत्र

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद क्लब चौराहे के समीप जलेसर रोड स्थित गणपति फिलिंग स्टेशन पर बुधवार दोपहर उस समय हंगामा मच गया जब किसान यूनियन (भानु) गुट के नेता ठा. भानुप्रताप सिंह अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और तेल भरवाने के दौरान कर्मचारियों से विवाद हो गया

आरोप है ,कि समर्थकों ने पंप कर्मचारियों के साथ मारपीट की और कैश में रखे 47,550 रुपये लूट लिये घटना के सम्बन्ध में पेट्रोल पम्प मैनेजर गोविंद गुप्ता पुत्र दिनेश चंद्र गुप्ता निवासी क्लब चौराहा, जलेसर रोड ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, घटना बुधवार दोपहर करीब 3:50 बजे की है। बताया गया है , कि कुछ लोग दो गाड़ियों से अपने 10-15 समर्थकों, जिनमें कुछ सरकारी गनर और प्राइवेट राइफलधारी भी शामिल थे, के साथ पहुंचे। उन्होंने पेट्रोल जल्दी डालने को कहा, जिस पर सैल्समैन ने गाड़ी साइड करने को





कहा तो समर्थक गाली-गलौज करते हुए उतरे और कर्मचारियों से अभद्रता कर दी।

हंगामा बढ़ने पर जब मैनेजर गोविंद गुप्ता मौके पर पहुंचे। और बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी लात-घूंसों व डंडों से मारपीट कर दी, गोविंद गुप्ता का आरोप है ,कि उन लोगो ने उनके मुंह में डंडा डालकर हमला किया, जबकि बचाव करने आये सैल्समैन सलीम की जेब से 47,550 रुपये नकद भी लूट लिए। पीड़ित मैनेजर ने बताया कि आरोपित जाते समय धमकी देकर गये कि अगर किसी तरह की कानूनी कार्रवाई की तो जान से मार देंगे। उन्होंने कहा कि आरोपी पहले भी कई बार पंप पर आकर पैसे न देने और झगड़ा करने जैसी घटनाएं कर चुके हैं।

फिलहाल पीड़ित ने मुख्यमंत्री से रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपितों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अप्रिय घटनाओं से घबरायें नहीं बेटियां --जया शर्मा

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरौली पर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया उट कार्यक्रम में एस आर जी एवं मिशन शक्ति की नोडल जया शर्मा के द्वारा बच्चियों को उनके साथ होने वाली घटनाओं के बारे में अवगत कराया गया अगर उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है! तो विभिन्न टोल फ्री नंबर्स पर संपर्क करके अपनी सुरक्षा के लिए चर्चा पर चर्चा कर



सकते हैं तथा वीर गाथा के अंतर्गत उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर बच्चियों अपने आप को लक्ष्मी बाई समझे तो उनके साथ कोई भी घटना घटित ही नहीं होगी

सहायक अध्यापक अमरनाथ सिंह आर्य के द्वारा बच्चियों को अवगत कराया गया कि आप अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं सजग रहे सबसे पहले अगर आपके साथ कोई घटना घटित होती है तो अपने विभागों को अपने शिक्षकों को एवं दिए गए विभिन्न टोल फ्री नंबर्स का प्रयोग करके अपनी सुरक्षा को दर्ज कारण साथी कार्यक्रम में एएनएम गौरी तोमर ने बच्चियों को स्वास्थ्य संबंधी चर्चा पर चर्चा की गई और कहा कि सबसे आवश्यक है अपने शरीर को स्वस्थ रखना प्रधानाध्यापिका श्रीमती ममता उपाध्याय ने एसआरजी जया शर्मा का आभार व्यक्त किया एवं नेहा शर्मा महेंद्र कुमार सिंह एवं अभिभावक कार्यक्रम में उपस्थित रहे!

# किसानों को बिजली देने से रोकने वाले CGM एके जैन पर गिरी गाज, सीएम मोहन यादव ने हटाया, रद्द किया विवादित आदेश

**समाज जागरण**

भोपाल। किसानों को एक दिन में दस घंटे से अधिक बिजली की आपूर्ति होने पर संबंधित ऑपरेटर सहित अधिकारियों का वेतन काटने के आदेश पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बुधवार को रोक लगा दी। उन्होंने इस तरह के मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आदेश पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उलटे-सीधे आदेश निकालने वाले अधिकारी पर कार्रवाई होगी। इसके बाद कंपनी ने महाप्रबंधक एके जैन को हटा दिया। उल्लेखनीय है कि किसान संगठनों के साथ कांग्रेस ने इस आदेश पर आपत्ति जताते हुए सरकार को किसान विरोध बताया था। प्रदेश में कृषि कार्य के लिए दस घंटे निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए कृषि फीडर अलग किए गए हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक एके जैन ने तीन नवंबर को भोपाल, बैतूल, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, रायसेन, हरदा, विदिशा, ग्वालियर,



अशोकनगर, गुना, भिंड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी और दतिया के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि फीडर पर दस घंटे से अधिक बिजली की आपूर्ति पर कार्रवाई होगी। किसी माह में एक दिन अधिक आपूर्ति पाई जाती है तो संबंधित ऑपरेटर, दो दिन निरंतर अधिक आपूर्ति पर संबंधित कनिष्ठ अभियंता, पांच दिन होने पर संबंधित उपमहाप्रबंधक और निरंतर सात दिन होने पर संबंधित महाप्रबंधक का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। इसके पीछे कारण आसमाजिक तत्वों के दबाव में निर्धारित और घोषित समय से अधिक कृषि फीडर पर बिजली देने से दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ने को बताया था। इस आदेश को किसान संगठनों के साथ कांग्रेस ने मुद्दा बनाया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अरुण यादव ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरप्लस बिजली वाला प्रदेश दिल्ली में मेट्रो चलाने के लिए बिजली देता है पर किसानों के लिए उसके पास बिजली नहीं है।

**किसान हित सर्वोपरि- मुख्यमंत्री-ः**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। किसानों को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी। जिस परिपत्र को लेकर गलतफहमी पैदा हुई है, उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। साथ ही इससे जुड़े अधिकारी को भी हटा दिया है।

# शहडोल कलेक्टर पर हाई कोर्ट ने लगाया 2 लाख का जुमार्ना, NSA मामले पर जताई सख्ती

**समाज जागरण**

शहडोल। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही में कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने पर हाईकोर्ट ने शहडोल कलेक्टर केदार सिंह पर दो लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। कलेक्टर को जुमार्ना राशि व्यक्तिगत रूप से जमा करनी होगी। हाई कोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने कलेक्टर शहडोल के द्वारा गलत जानकारी पेश किए जाने को गंभीरता से लेते हुए उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही प्रारंभ करने के आदेश जारी किये है। युगलपीठ ने अवमानना कार्यवाही के संबंध में नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई 25 नवम्बर को निर्धारित की गयी है। शहडोल निवासी कृषक हीरामनी वैश्य की तरफ से उसके बेटे सुशांत वैश्य पर कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना एनएसए के तहत कार्यवाही की जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि एनएसए की कार्यवाही के संबंध में 9 सितम्बर 2024 को पारित में उनके बैठे के स्थान पर निरजकांत द्विवेदी का नाम था। पुलिस अधीक्षक शहडोल ने 6



सितम्बर 2024 को उनके बेटे के खिलाफ एनएसए की कार्यवाही करने के संबंध में कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा था। कलेक्टर ने 9 सितम्बर को रेत ठेकेदार के कर्मचारियों के बयान दर्ज करते हुए उसी दिन एनएसए का आदेश पारित कर दिया। किसी भी स्वतंत्र गवाह के वयान दर्ज नही किए गये। याचिका में कहा गया था कि उसके बेटे की विवाह फरवरी 2024 में हुआ था और उसके खिलाफ सितम्बर को एनएसए की कार्यवाही की गयी। मार्च में उसकी बेटी पैदा हुई परंतु उसका पिता जेल में निरुध्द था। याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने कलेक्टर शहडोल केदार सिंह व पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव को हाई कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से तलब किया था। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने पारित आदेश के अंतिम पृष्ठ में याचिकाकर्ता के पुत्र के बजाये नीरजकांत द्विवेदी के नाम का उल्लेख किये जाने की गलती स्वीकार की गयी। उनका तर्क दिया गया था कि नीरजकांत द्विवेदी और सुशांत बैस के मामलों की सुनवाई एक साथ की गई थी। इस तथ्यात्मक गलती के अलावा आदेश पारित करने में कोई अन्य त्रुटि नहीं है।

युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा गया था कि एनएसए की कार्यवाही के संबंध में पारित आदेष को पुष्ठि के लिए राज्य सरकार के पास भेजा जाता है। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग ने भी अपने विवेक का उपयोग किये बिना कलेक्टर द्वारा पारित आदेश को मंजूरी प्रदान कर दी। आदेश को पढ़ने की जहमत तक नहीं उठाई गयी।

युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा था कि जिला कलेक्टर के द्वारा एनएसए की कार्यवाही के अनुमोदन के लिए राज्य सरकार को भेजी गयी फाइल प्रस्तुत हाई कोर्ट में प्रस्तुत करें। कलेक्टर के द्वारा अनुमोदन के लिए फाइल अग्रेषित नहीं की गयी है तो राज्य को उनके खिलाफ कार्यवाही करना चाहिये। युगलपीठ ने इस संबंध में एसीएस गृह एसएस शुक्ला से हलफनामे में जवाब मांगा था। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह की तरफ से पेश किये गये हलफनामा में बताया गया था कि एनएसए के आदेश को अनुमोदन के लिए राज्य सरकार को भेजा गया था। टाइपिंग की गलती के कारण आदेश में याचिकाकर्ता के पुत्र के नाम के स्थान पर नीरजकांत द्विवेदी के नाम का उल्लेख किया गया है। इसके लिए क्लर्क को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता ब्रम्हेन्द्र पाठक ने बताया कि कलेक्टर केदारनाथ ने अपने हलफनामा में बताया था कि एनएसए की प्रकरण की सुनवाई के दौरान तीन व्यक्ति के वयान दर्ज किये गये थे। तीनों व्यक्ति के वही वयान थे जो उन्होने याचिकाकर्ता के पुत्र के खिलाफ साल 2022 में दर्ज अपराधिक प्रकरण में दिये थे। उक्त अपराधिक प्रकरण में लोक अदालत के माध्यक से समझौता हो गया है। एनएसए की कार्यवाही के लिए उसी प्रकरण को आधार बताया गया है। युगलपीठ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि एनएसए के उपयोग टूल की तरह नहीं किया जा सकता है। इसके लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाना आवश्यक है। एनएसए की कार्यवाही तभी की जाती है जब व्यक्ति से समाज व लोगों में भय की स्थिति उत्पन्न होती है।

युगलपीठ ने कलेक्टर पर दो लाख रुपए की व्यक्तिगत कॉस्ट लगाते हुए उक्त राशि याचिकाकर्ता के पुत्र के खाते में जमा करने के आदेश जारी किये है। इसके अलावा मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि कलेक्टर तथा अतिरिक्त प्रमुख सचिव के खिलाफ एनएसए की आदेश का अवलोकन कर कार्यवाही करें। गलत हलफनामा पेष करने पर कलेक्टर के खिलाफ अवमानना कार्यवाही प्रारंभ करते हुए नोटिस जारी किये है।

# पहली बार राज्य पुलिस सेवा से IPS में पदोन्नति की डीपीसी निरस्त, पांच अफसरों की उम्मीदें टूटीं

**समाज जागरण**

भोपाल। राज्य पुलिस सेवा से आईपीएस संवर्ग में पदोन्नति के लिए 12 सितंबर को हुई विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की कार्रवाई निरस्त कर दी गई है। प्रदेश में पहली बार है जब इसे निरस्त किया गया है। इसमें पांच अधिकारियों को पदोन्नत किया जाना था। बताया जा रहा है कि 1997 बैच के अधिकारी अमृत मीणा के जाति प्रमाण पत्र संबंधी दस्तावेजों में कुछ उलझन के चलते छानबीन की जा रही है। साथ ही एक अन्य दावेदार की विभागीय जांच भी चल रही है।

**मामले पर कोई भी बोलने के लिए तैयार नहीं-ः**

डीपीसी की कार्रवाई रद होने की इन्हें ही मुख्य वजह माना जा रहा है। हालांकि, कोई भी अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों की उपस्थिति में भोपाल में



ही डीपीसी हुई थी, जिसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन, डीजीपी कैलाश मकवाणा और अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ला सम्मिलित हुए थे। सामान्यतः 15 से 20 दिन में पदोन्नति की अधिसूचना जारी कर दी जाती है, पर डेढ़ माह बाद इसे रद कर दिया गया है।

**डीपीसी में 15 लोगों के नामों पर विचार किया गया-ः**

डीपीसी में 1997 और 1998 बैच के 15 अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया था। इसमें सीताराम सस्त्या, अमृत मीणा, विक्रांत मुराब, सुरेंद्र कुमार जैन, आशीष खरे, राजेश रघुवंशी, निमिषा पांडेय, राजेश कुमार मिश्रा, मलय जैन, अमित सक्सेना, मनीषा पाठक, सुमन गुर्जर, संदीप मिश्रा, सव्यसाची सर्राफ और समर वर्मा का नाम शामिल था। अगले वर्ष यानी 2025 में सात अधिकारियों की पदोन्नति राज्य पुलिस सेवा से आईपीएस में होनी है, पर वर्ष 2024 की डीपीसी में देरी के चलते वर्ष 2025 में भी देरी होगी।

# वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश प्रशासको ने डालें ठण्डे बस्ते में

### सहकारी समिति कर्मचारी संघ की मांग पर कागज - कागज खेल रहे अधिकारी

**समाज जागरण**

उमरिया --- उमरिया जिले में सहकारी समितियों में कार्यरत समिति कर्मचारियों के वेतन वृद्धि मामले में मध्यप्रदेश शासन के आदेश के अनुपालन में और सहकारी समिति कर्मचारी संघ के मांग पत्र के अनुरूप दिये गये वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के पालन में समिति प्रबंधकों और प्रशासकों की जुगल बंदी ने पालन करने में भारी कोताही बरतने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि वर्तमान में समितियों का चुनाव न होने के कारण लगभग सभी समितियों में प्रशासक राज कायम है। जिससे समितियों का कार्य भार प्रभारी लैम्प्स प्रबंधक और प्रशासकों के जिम्मे में है। प्रशासकों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने वरिष्ठ अधिकारियों के व्दारा जारी आदेशों का पालन अनिवार्य रूप से करें, लेकिन देखने में आया है की वरिष्ठ अधिकारियों के व्दारा लगातार जारी किये गये आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। समिति के प्रशासकों ने आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थायें मध्यप्रदेश भोपाल जैसे सर्वोच्च वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के पालन न कर न सिर्फ आदेशों की अवहेलना की है,इससे समिति कर्मचारियों के बेतन मद में प्राप्त राशि का व्यापक तौर पर आर्थिक अनियमितता कर शासकीय राशि को खुर्द -बुर्द की गयी है , तभी तो वरिष्ठ अधिकारी बार बार आदेशों के पालन करने और उसके पालन प्रतिवेदन चाहा जाता है, लेकिन समिति प्रबंधक और प्रशासक आदेशों को रद्दी की टोकरी में डाल कर कुंभकर्णीय निंद्रा में तल्लीन है। ध्यान देने योग्य है कि संयुक्त आयुक्त सहकारिता संभाग शहडोल ने एक बार फिर से उपायुक्त सहकारिता शहडोल, अनूपपुर और सहायक पंजीयक उमरिया को संबोधित आदेश क्र /साख/ 2025/375 दिनांक 16-9-25 के व्दारा विधिवत आदेश जारी करते हुए कहा है की सभी पैक्स समितियों में नियमित विक्रेताओं को आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाओं मध्यप्रदेश भोपाल व्दारा जारी सेवा नियम के प्रावधान अनुसार कलेक्टर दर अर्द्ध कुशल श्रमिक के मान से प्रतिमाह वेतन भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही आदेश में स्पष्ट किया गया की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग व्दारा प्रदान किये जाने वाले प्रबंधकीय अनुदान से भुगतान किया जाये। इसके साथ ही संयुक्त पंजीयक ने अपने आदेश में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग व्दारा प्रदत्त कमीशन राशि में की गयी वृद्धि अनुसार एवं आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाओं व्दारा जारी आदेश में समिति में कार्यरत कनिष्ठ संविदा विक्रेताओं को 7500.00 प्रतिमाह की दर से सभी पैक्स समितियों में भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाये। संयुक्त आयुक्त सहकारिता संभाग शहडोल ने अपने आदेश में शासन व्दारा जारी अनुदान राशि वर्ष अक्टूबर 2023 से नियमित एवं कनिष्ठ संविदा विक्रेताओं को अतिरिक्त वेतन का प्रतिमाह निर्धारित प्रदत्त दर 3000.00 रुपए या जो शासन व्दारा समय समय पर प्रदान की गयी है, उसका पृथक से भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

इस आदेश के परिपालन में सहायक आयुक्त सहकारिता विभाग उमरिया ने अपने आदेश क्र/ साख/ 2025/538 उमरिया दिनांक 19-9-25 के माध्यम से सभी समिति प्रबंधकों और प्रशासकों को संयुक्त आयुक्त सहकारिता संभाग शहडोल के आदेश के पालन कर तीन दिवस में पालन प्रतिवेदन मांगा गया था, लेकिन उक्त आदेश का पालन डेढ साह बीत जाने के बाद भी आज तक नहीं हुआ और समिति प्रबंधकों - प्रशासकों के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी अपने आदेश को भूल गए।

बताया जाता है कि मध्यप्रदेश के अहम आदेश का कागजी घोड़ा दौड़ा कर सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बचने का लुका छिपी का खेल खेलते नजर आ रहें हैं नहीं इन अधिकारियों की मजाल क्या, जो आदेशों की धज्जियां उड़ा कर चैन की वंशी बजाते रहे।

ध्यान देने योग्य है कि विक्रेताओं के वेतन मद में प्राप्त धन राशि को व्यापक रूप से धांधली कर शासकीय धन राशि का बंदर बाट किया गया है जिसकी रसद सभी समिति प्रबंधकों और प्रशासकों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुँचा कर विक्रेताओं के हक में डाका डाला है उसी का परिणाम है कि वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश आज अदने कर्मचारियों ने कुतके में डाल दिया

# पुलिस द्वारा अवैध रेत उत्खन्न परिवहन करने वाले आरोपीयो एवं ट्रेक्टर ट्राली के विरूध्द की गई कार्यवाही

**समाज जागरण जैतहरी**

पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा अवैध रेत उत्खन्न करने वाले रेत माफिया के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम,एसडीओ(पी.)सुमित केरकट्टा के निर्देशन एवं थाना प्रभारी अमर वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यवाही की गई । दिनांक 06/11/2025 को हमराह पुलिस स्टाफ उप निरीक्षक अमरलाल यादव के रात्री गस्त कस्बा देहात भ्रमण में था दोरान भ्रमण कस्बा वेकंटनगर में मुखविर से सूचना प्राप्त हुई की अलान नदी कुम्हरान घाट में एक लाल रंग का महेन्द्रा ट्रेक्टर अवैध रेत खनिज म.प्र. शासन की अलान नदी कुम्हरान घाट से ट्राली में लोड़ कर रहा है की सूचना पर स्वतंत्र साक्षीयो को साथ लेकर मुखबिर द्वारा वताये स्थान अलान नदी कुम्हरान घाट लाईनपार वेंकटनगर पहुंचा जो ट्रेक्टर चालक द्वारा पुलिस को देखकर रेत खाली करके भागने लगा जो पुलिस द्वारा उक्त गवाहो को समक्ष ट्रेक्टर एवं ट्राली एवं चालक को पकड़ा गया जो ट्रेक्टर ट्राली में देखा तो ट्राली में रेत नही थी खाली कर दिया था जो कुछ रेत ट्राली में लगी हुई थी तब ट्रेक्टर चालक से नाम पता पूंछा तो ट्रेक्टर चालक अपना नाम पारसनाथ प्रजापति पिता बारेलाल प्रजापति उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम लाईनपार वेंकटनगर थाना जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र. का होना बताया चालक को धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस देकर रेत चोरी करने एवं कागजात लाईसेंस चाहने हेतु जानकारी वावत दिया गया जो चालक द्वारा अलान नदी कुम्हरान घाट से ट्रेक्टर मालिक पूनम पाठक के कहने पर म.प्र. शासन की खनिज रेत अलान नदी कुम्हरान घाट से ट्रेक्टर ट्राली में फुल ट्राली लोड़ लाईनपार वेंकटनगर ले जाने हेतु किया था जो उसी समय पुलिस के पहुंच जाने पर पुलिस को देखकर ट्रेक्टर ट्राली की रेत खाली कर देना लेख किया है जो उक्त ट्रेक्टर चालक एवं वाहन स्वामी पूनम पाठक को अवैध रेत उत्खन्न परिवहन में संलिप्त पाये जाने से महेन्द्रा यूवा लाल रंग का ट्रेक्टर जिसका इंजन नं. NSC7EGE0082 एवं चैंचिस नं. MBNPFAEBESNCO4842 कीमती 500000/- रू का जप्त किया गया । चालक द्वारा ट्रेक्टर ट्राली से फुल ट्राली 03 घन मीटर रेत खनिज ट्रेक्टर की ट्राली में लोड़ किया गया था जो खाली कर दिया गया रेत कीमती 3000/- रू चालक द्वारा ड्रायविंग लाईसेंस वाद में प्रस्तुत करने कहा गया तथा वाहन स्वामी पूनम कुमार पाठक पिता स्व. आजाद प्रसाद पाठक उम्र 38 वर्ष निवासी वेंकटनगर थाना जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र. का उपस्थित आया जिससे पूछतांछ पर स्वंय को ट्रेक्टर मालिक होना बताया तथा रेत घर के लिये चोरी करके ले जाना बताया वाहन स्वामी द्वारा वाहन का कोई दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नही किया गया वाहन स्वामी एवं चालक का अभिरक्षा पत्रक भरकर मामले में 07 वर्ष से कम की सजा का प्रावधान होने से धारा 35(3) बीएनएसएस नोटिस दिया गया । जप्त शुदा ट्रेक्टर ट्राली चौकी वेंकटनगर लाकर सुरक्षार्थ चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है वापसी पर अपराध क्र.- 432/25 धारा- 303(2), 317(5), 62 बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज अधिनियम व 130/177(3) एम.व्ही. एक्ट का पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अमरलाल यादव प्रआर. 48 सुजीत सिंह का विशेष योगदान रहा है ।

# अनूपपुर जिले के पटवारियों का वेतन बहाली का आदेश प्रसारित किये जाने के संबंध में कमिश्नर को सौपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

अनूपपुर । कलेक्टर अनूपपुर के द्वारा संदर्भित आदेशानुसार लोक सेवा के समय सीमा बाह्य प्रकरणों के निराकरण न होने एवं वांछित प्रगति नही होने का एकमात्र जिम्मेदार केवल पटवारियों को मानते हुए आगामी आदेश तक के लिए कलेक्टर अनूपपुर द्वारा दिनांक 29/09/2025 को वेतन आहरण पर रोक लगा दिया गया था, जिसमें माह सितंबर व अक्टूबर का वेतन अप्राप्त है, जो आज तक लागू है।

एक कर्मचारी के वेतन से कर्मचारी का परिवार जिसमें वृद्ध माता-पिता, बच्चे होते है, सभी का भरण-पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि जिम्मेदारी का निर्वहन होता है। सितंबर माह से वेतन न मिलने के कारण हिन्दू धर्मावलंबियों, का प्रमुख त्यौहार दशहरा (02/10/2025), करवा चौथ (10/10/2025), दीपावली (20/10/2025) फीका रहा।



लोक सेवा के प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण न होने का एकमात्र दोषी जिले के समस्त पटवारियों को मानना व पूरे जिले के पटवारियों का वेतन रोकना किसी भी दृष्टि से विधि सम्मत नही है व प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्त के विपरीत है। यह कि वेतन रोके जाने के उपरांत भी जिला अनूपपुर अंतर्गत पटवारियों द्वारा समस्त विभागीय कार्यों का निर्वहन न्यायालयीन प्रकरणों में प्रतिवेदन प्रेषित करना, जनसुनवाई, जनाकांक्षा, सी.एम. हेल्पलाईन आवेदनों के संबंध में निराकरण करना, निर्वाचन संबंधी कार्य एवं आपदा की स्थिति में सर्वे एवं क्षति प्रकरण तैयार करना आदि कार्य सुचारू रूप से किए जा रहे है। उपरोक्त संबंध में वेतन बहाल किये जाने हेतु जिलाध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ जिला अनूपपुर के द्वारा अनूपपुर कलेक्टर महोदय के समक्ष दिनांक 03/11/2025 को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसका निराकरण आज दिनाँक तक नही हो पाया है। संभाग के समस्त पटवारी ने कमिश्नर से उक्त कार्यवाही को संज्ञान में लेते हए जिला अनूपपुर अंतर्गत 2022 वारियों का माह सितंबर व अक्टूबर 2025 का वेतन बहाली आदेश व भुगतान कराये जाने की मांग की है। उक्त अ के संबंध में तीन दिवस में निराकरण न होने की स्थिति में संभाग शहडोल के समस्त पटवारी आंदोलन हेतु बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाओं का जलवा, एएसपी जगन्नाथ मरकाम ने कहा– "राज्य स्तर जाने वाली टीम को दूँगा व्यक्तिगत पुरस्कार"

**समाज जागरण**

अनूपपुर ।जिला खेल परिसर माइकल क्लब अनूपपुर में मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जगन्नाथ मरकाम की मुख्य उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के खेल विभाग और मध्य प्रदेश शासन तथा जिला प्रशासन अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, सीईओ जिला पंचायत अर्चना कुमारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि एएसपी जगन्नाथ मरकाम ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा यह कार्यक्रम युवा प्रतिभाओं को मंच देने वाला है। यदि यहां से कोई टीम राज्य स्तर के लिए चयनित होती है तो मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से पुरस्कार प्रदान करूंगा। विशिष्ट अतिथि नगर निरीक्षक अरविंद जैन ने कार्यक्रम को रोमांचकारी एवं प्रेरक बताया। वहीं श्रमजीवी पत्रकार परिषद शहडोल संभाग एवं जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोक संस्कृति और पारंपरिक कला को संरक्षण और नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है ।कार्यक्रम में भाषण, विज्ञान मेला, चित्रकला, कविता लेखन, कहानी लेखन, सामूहिक लोकगीत और लोकनृत्य जैसी सात विधाओं की प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं। निर्णायकमंडल में डॉ. पुष्पेंद्र नामदेव, डॉ. दीपक उरमलिया, डॉ. दीपक गुप्ता, राष्ट्रीय कलाकार चंदन लालपुरी, प्रदीप गुप्ता, गिरधारी साहू सहित अनेक निर्णायक उपस्थित रहे।

**प्रमुख विजेता इस प्रकार रहे**

भाषण प्रतियोगिताः श्वेतांग साहू (प्रथम), आराध्या द्विवेदी (द्वितीय), आभया अग्रवाल (तृतीय)। विज्ञान मेलाः पवन झरिया (प्रथम), प्रतीक पांडे (द्वितीय), कशिश भगत (तृतीय)। चित्रकला/पेंटिंगः वर्षा अहिरवार (प्रथम), आयुषी अग्रवाल (द्वितीय),लक्ष्मी राठौर (तृतीय) ।कविता लेखनः कंचन सिंह (प्रथम), सफिया परवीन (द्वितीय), शालिनी सिंह मरावी ( तृतीय )।कहानी लेखनः संगीता पाणिका (प्रथम), विकास सोनी (द्वितीय), खुशबू देवी (तृतीय)।सामूहिक लोकगीतः प्रिया माझी एवं साथी (सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जैतहरी) प्रथम ।सामूहिक लोकनृत्यः बल भारती पब्लिक स्कूल जैतहरी प्रथम, मॉडल स्कूल अनूपपुर द्वितीय, पॉलिटेक्निक कॉलेज अनूपपुर तृतीय रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश कुमार सिंह चंदेल, ग्रामीण युवा समन्वयक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग जैतहरी द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन भी उन्हीं के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में निर्णायकों, प्रतिभागियों, एवं अतिथियों के योगदान से आयोजन प्रभावी और अनुकरणीय बना।

# युवाओ के बीच में भरोसे का पर्याय बने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल ।जहां एक बार दूसरे कार्यकाल के लिए नेताओं को संघर्ष करना पड़ता है वही अनुपम का युवक कांग्रेस के युवाओ में विशेष प्रेम स्नेह और भरोसे नजर आया है। एक बार फिर कांग्रेस चुनाव परिणाम ने सभी को उत्साहित कर दिया है। प्रदेश युवक कांग्रेस ने जैसे ही निर्वाचित नेताओ की सूची प्रकाशित वैसे ही शहडोल नगर में युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओ मे विशेष उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओ ने पटाखे डोल नगाड़े के साथ ही नारे गूजने लगे। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें शहडोल जिला में 3636 वोट पाकर अनुपम गौतम ने जिला अध्यक्ष पद पर भारी जीत हासिल की। वही प्रदेश सचिव पद पर अभिषेक शुक्ला, जिला महासचिव श्रीनामो गर्ग, निशांत जोशी, शेख आबिद, मो मोहसिन, अलीम खान, रिदा परवीन विधानसभा अध्यक्ष जयसिंहनगर शेख सजील, ब्यौहारी झ्र विक्रम कोल,जैतपुर अभिषेक वर्मा विका सखंड अध्यक्ष सोहागपुर प्रियांशु चौबे, जयसिंहनगर- अंकित पांडेय, सिंहपुर शिवम यादव, ब्यौहारी आयुष्मान ताम्रकार, सिंहपुर 2 अभिषेक त्रिपाठी, अमझोर कृष्ण पाल रैदास, बुढ़वा उत्कर्ष सिंह, देवलोंद संजय गुप्ता, करकी रामलखन यादव, पपौंध- हिमांचल त्रिपाठी, बुढ़ार अभिषेक यादव, जैतपुर आशीष कुमार मिश्रा, केशवाही दीपक कुमार मिश्रा, खैरहा सचिन द्विवेदी ने जीत हासिल की। 18 अप्रैल



को एमपी में यूथ कांग्रेस के चुनावों की घोषणा के साथ ही सदस्यता शुरू हुई थी। ऑनलाइन मोड पर एप के जरिए कराई गई 20 जून से 19 जुलाई तक सदस्यता अभियान चलाया गया था। उल्लेखनीय है कि वर्तमान प्रदेशा ध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह यादव ने सभी यवाओ को मार्गदर्शित करते हुए उन्हे बधाई प्रशित किया है और उनके उज्जवल भविश्य की कामना की है। अनुपम गौतम की जीत के बाद युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओ मे विशेष उत्साह नजर आ रहा है परिणाम के बाद से ही बधाईओ का तांता लगा है। नई टीम निर्वाचन से कांग्रेसं जनो का दावा है कि इससे कांग्रेस टीम सशक्त होगी। युवाओ का मानना है कि पिक्षले कार्यकाल में जिस तरह से अनुपम ने संगठन को सशक्त है उससे ज्यादा तेज गति से संगठन मजबूत होगा।

# 6 माह के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार युवक कांग्रेस को मिला नया विधानसभा अध्यक्ष सैफ रिजवी ने मारी बाजी

**समाज जागरण**

अमलाई। करीब तीन महीनों की लंबी प्रतीक्षा के बाद गुरुवार की दोपहर मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के घोषित परिणामों ने जिले की राजनीति में नई ऊर्जा भर दी। अनूपपुर विधानसभा के नए अध्यक्ष के रूप में सैफ रिजवी ने शानदार जीत दर्ज करते हुए बाजी अपने नाम की। रिजवी को 1550मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी नितेंद्र सिंह को 930 मत मिले एवं सचिन पटेल को लगभग 700 मतों से संतोष करना पड़ा।आपको बता दें कि नव-निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष सैफ



रिजवी स्व अजहर अब्बास रिजवी के पुत्र हैं, जो जिले में कांग्रेस संगठन के एक सशक्त और प्रभावशाली चेहरे के रूप में जाने जाते हैं। रिजवी की ताजपोशी को लेकर युवक कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह और जश्न का माहौल देखा जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष बनने की खुशी पर युवक कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकताओं ने दुर्गा मंदिर चौक में पटाखे फोड़ कर एवं मिठाइयां बाटकर जश्न मनाया। डीजे की धुन में कार्यकर्ता जमकर नृत्य करते हुए खुशियां जताई। सैफ रिजवी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचित होने के पीछे मेरे सभी युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता का सहयोग रहा है। गौर करने वाली बात यह भी है कि अमलाई क्षेत्र से कांग्रेस संगठन में निर्वाचन प्रक्रिया के बाद सैफ रिजवी ही अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं।

# खनिज पत्थर,गिट्टी का उत्खनन कर परिवहन करते ट्रेक्टर जब्त।

**समाज जागरण**

उमरिया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश प्रभारी अधिकारी को दिए है । प्रभारी अधिकारी डॉ.विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि.अधिकारी दिवाकर चतुवेर्दी, खनि. निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि. निरीक्षक एन.एस.आर्मो की टीम द्वारा विगत दिवस तहसील बिलासपुर अंतर्गत ग्राम कुदरा से खनिज पत्थर का उत्खनन कर परिवहन करते हुये पाये जाने पर वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 54 ए 7624 जिसके वाहन मालिक भारत सिंह निवासी ग्राम निगहरी, तहसील मानपुर अंतर्गत ग्राम रक्शा से खनिज गिट्टी का परिवहन करते हुए पाए जाने पर वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 54 ए 7472 वाहन चालक अनुज बैगा पिता शिवप्रसाद बैगा,निवासी रक्शा तहसील मानपुर , तहसील पाली अंतर्गत 2 वाहन डग्गी क्रमशः एमपी 18 जीए 4686, एमपी 54 जीए 0659 एवं तहसील करकेली में 1 वाहन हाईवा क्रमांक एमपी 52 एच 0253 तथा तहसील नौरोजाबाद में 1 वाहन हाईवा क्रमांक एमपी 19 जेडबी 7223 को खनिज गिट्टी का परिवहन करते हुए जप्त किया जाकर उक्त प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।



# नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी

**आयुर्वेद के अनुसार नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी है। यह तेल न केवल सिर की त्वचा को पोषण देता है, बल्कि बालों को टूटने से भी बचाता है। जब इसमें कपूर मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण प्राकृतिक कीटनाशक की तरह काम करता है। कपूर में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीपैरासिटिक गुण जुओं और उनके अंडों को नष्ट करने में मदद करते हैं।**

इस उपाय के लिए नारियल तेल की एक कटोरी में 2-3 टुकड़े कपूर घोलकर रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में लगाना चाहिए। मालिश के बाद सिर को कपड़े से ढककर सोना और सुबह शैम्पू से धोना लाभकारी माना जाता है। कुछ ही दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। सिरका भी एक कारगर विकल्प है। हल्के गुनगुने पानी में दो चम्मच सफेद सिरका या एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर सिर धोने से जुओं और लीखों की पकड़ ढीली पड़ जाती है और वे आसानी से हटने लगती हैं।





यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो रसायनों से बचना चाहते हैं। इसी तरह नींबू का रस भी प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से इसका असर और बढ़ जाता है। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड जुओं की त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करता है। साथ ही यह स्कैल्प की सफाई करता है और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी राहत देता है। कुछ लोग पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल करते हैं। यह जुओं की सांस रोक देती है और उनके जीवन चक्र को खत्म करती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल बालों में काफी चिपचिपापन पैदा करता है और धोने में कठिनाई हो सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्राकृतिक उपायों को नियमित रूप से अपनाने से जुओं से छुटकारा मिल सकता है और स्कैल्प भी स्वस्थ रहता है।

बता दें कि सिर में अचानक खुजली बढ़ना अक्सर रूसी के साथ-साथ जुओं की मौजूदगी का संकेत भी हो सकता है। यह समस्या न केवल असुविधा और परेशानी पैदा करती है बल्कि कई बार सामाजिक स्थितियों में शर्मिंदगी का कारण भी बन जाती है। जूं बालों में अंडे देती हैं, जिन्हें लीख कहा जाता है। ये लीखें इतनी मजबूती से चिपकी होती हैं कि सामान्य पानी या कंघी से आसानी से नहीं हटतीं। ऐसे में कई लोग रासायनिक उत्पादों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद और घरेलू नुस्खे भी इसमें प्रभावी साबित हो सकते हैं।

# मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है मौसम में बदलाव का

**सितंबर से दिसंबर के बीच मौसम में बदलाव के साथ पेड़ों से पत्ते झड़ने लगते हैं। मौसम बदलने का असर इंसानी मनोभावों पर भी देखने को मिलता है। शरद ऋतु का आगमन गर्मी से सर्दी की ओर बढ़ने का संकेत देता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इस दौरान कई लोगों के मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है।**

दिन छोटे और रातें लंबी होने के साथ ही थकान, नींद की गड़बड़ी और उदासी महसूस होना आम हो जाता है। इस स्थिति को विज्ञान की भाषा में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम बदलने पर धूप की कमी से दिमाग में सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर घटने लगता है। यह हार्मोन मूड को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अंधेरा और ठंड बढ़ने पर शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद अधिक आती है और ऊर्जा घट जाती है।





इस बदलाव से शरीर की सर्केडियन रिद्म भी बिगड़ जाती है, जिससे नींद और जागने का प्राकृतिक पैटर्न प्रभावित होता है। अध्ययन बताते हैं कि उत्तरी और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों पर सैड का प्रभाव अधिक होता है क्योंकि वहां धूप का समय सीमित होता है। महिलाओं और 18 से 30 वर्ष के युवाओं में इसके मामले ज्यादा पाए जाते हैं। एक अध्ययन में खुलासा हुआ था कि अर्बन इंडिया में 12 से 15 प्रतिशत लोग हल्के या गंभीर मौसमी डिप्रेशन का सामना करते हैं। इसके लक्षण पहचानना अपेक्षाकृत आसान है।

लगातार थकान रहना, अधिक नींद आना, उदासी और चिड़चिड़ापन, काम में रुचि कम होना, ज्यादा मीठा और कार्बोहाइड्रेट खाने की इच्छा, तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना सैड के प्रमुख संकेत माने जाते हैं। कई देशों में लाइट थेरेपी का प्रयोग किया जाता है, जिसमें विशेष लाइट बॉक्स का इस्तेमाल प्राकृतिक धूप जैसी रोशनी देने के लिए किया जाता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी इस समस्या को कम कर सकते हैं। ताजे फल-सब्जियां और ओमेगा-3 युक्त भोजन मूड को बेहतर बनाने में मददगार हैं। यदि लक्षण लगातार बने रहें तो मनोचिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचाव के लिए कुछ साधारण उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 20 से 30 मिनट धूप में समय बिताना सबसे प्रभावी तरीका है।

# 79 साल से अधूरी उम्मीदः सुहिया रेतुआ नदी पर पुल निर्माण की आस अधर में, चचरी और नाव से गुजर रहे ग्रामीण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

टेढ़ागाछ आजादी के 79 साल बाद भी विकास की धारा बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र के टेढ़ागाछ प्रखंड अंतर्गत चिल्हनियां पंचायत स्थित सुहिया रेतुआ नदी तक नहीं पहुंच पाई है। यहां के हजारों ग्रामीण आज भी नाव और बांस-बल्ली से बने चचरी पुल के सहारे जीवन जीने को मजबूर हैं। सुहिया रेतुआ नदी पर स्थायी आरसीसी पुल निर्माण की मांग दशकों से की जा रही है, लेकिन अब तक सरकार और प्रशासन के स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की गई। नतीजतन यह इलाका आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है।ग्रामीणों का कहना है कि हर चुनाव में जनप्रतिनिधि पुल निर्माण का वादा करते हैं, पर जीत के बाद यह मुद्दा फिर गुमनामी में चला जाता है। रेतुआ नदी को पार करना लोगों के लिए रोजमर्रा का संघर्ष बन चुका



है। बांस और रस्सियों के सहारे तैयार अस्थायी चचरी पुल से लोगों का आना-जाना होता है, जो बरसात के मौसम में बहकर खत्म हो जाता है। तब ग्रामीणों को नाव या गले तक पानी पार कर दूसरी ओर पहुंचना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बीमार मरीजों और किसानों के लिए यह रास्ता जीवन और मौत के बीच की डगर बन जाता है।स्थानीय निवासी मोहम्मद रहमतुल्लाह, अनवर आलम, भोला मांझी और सुनील यादव बताते हैं कि बरसात के समय नदी में उफान आने पर संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। मरीजों को अस्पताल ले जाना असंभव हो जाता है। कई बार आपात स्थिति में जान गंवाने तक की नौबत आ चुकी है। किसान भी अपनी उपज और सामान बाजार तक नहीं पहुंचा पाते, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।ग्रामीणों ने बताया कि इस पुल के निर्माण के लिए अब तक कई बार आवेदन दिए गए, स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई, पर हर बार उन्हें केवल आश्वासन मिला। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद से अब तक इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कई विधायकों और सांसदों ने किया, लेकिन किसी ने भी सुहिया रेतुआ नदी पर पुल निर्माण को प्राथमिकता नहीं दी। चिल्हनियां पंचायत के पूर्व मुखिया मयानंद मंडल ने बताया कि यह इलाका प्रखंड मुख्यालय और किशनगंज जिला से सीधा जुड़ाव न होने के कारण विकास की दौड़ में लगातार पिछड़ता जा रहा है। स्कूली बच्चों को शिक्षा, किसानों को बाजार और मरीजों को इलाज – हर जरूरत के लिए नदी पार करना पड़ता है। यह पुल न केवल एक मार्ग होगा बल्कि हजारों लोगों की जीवनरेखा साबित होगा।ग्रामीणों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से जल्द से जल्द आरसीसी पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि अबकी बार भी इस मांग की अनदेखी की गई, तो वे बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे। लोगों ने स्पष्ट कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहिए।79 साल से अधूरी उम्मीदें सुहिया रेतुआ नदी पर पुल सीमांचल के विकास की तस्वीर पर एक गहरा सवालिया निशान है। जहां देश चांद पर पहुंच गया, वहीं सुहिया रेतुआ नदी के इस पार लोग आज भी चचरी और नाव के सहारे जिंदगी गुजार रहे हैं। ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि अब और इंतजार नहीं – उन्हें सुरक्षित, स्थायी और सम्मानजनक आवागमन का अधिकार चाहिए।

# प्रशांत किशोर ने नबीनगर के बारुण मे किया रोड शो उमड़ी जन सैलाब

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) बुधवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के बारुण में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने एक भव्य रोड शो किया। इस दौरान उनके स्वागत के लिए जन सुराज के प्रत्याशी अर्चना चंद्र यादव अपने हजारों समर्थकों के साथ मौजूद थीं। प्रशांत किशोर के नबीनगर क्षेत्र में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान 'प्रशांत किशोर जिंदाबाद' और 'अर्चना यादव जिंदाबाद' के नारे लगे। बड़ी संख्या में समर्थकों ने प्रशांत किशोर का स्वागत फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ किया।प्रशांत किशोर के रोड शो में उमड़ी भीड़ ने साफ कर दिया है कि लोग बदलाव के



लिए तैयार हैं। जन सुराज के अभियान में लोगों का समर्थन बढ़ता जा रहा है। इस बीच प्रशांत किशोर ने मतदाताओं से अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा ,रोजगार और स्वास्थ्य और बिहार बदलाव के लिए स्कूल बैग बस्ता छाप पर बटन दबाइए और जन सूराज की विजयी बनाइए।

# पटना सहित राज्य के 121 विधान सभा क्षेत्रो में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण में बुधवार को पटना सहित राज्य के 121 विधान सभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गयी। लोकतंत्र के इस महापर्व में राजधानी के मतदाता पूरे जोश के साथ भाग लिया। सुबह के समय मतदान केंद्रों पर हल्की भीड़ रही, लेकिन जैसे-जैसे सूरज ऊपर चढ़ा, वोटरों की संख्या भी बढ़ती गई। लेकिन पुनः दोपहर बाद वोटरों की भीड़ मतदान केंद्रों पर नगण्य हो गयी। शाम 5 बजे तक जिले में 55.02 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस बार जिले के 14 विधान सभा क्षेत्रों में कुल 5,677 मतदान केंद्र बनाए



गए थे, जिनमें 541 महिला केंद्र, 49 आदर्श बूथ, 14 दिव्यांगजन (PwD) केंद्र और 3 युवा मतदान केंद्र शामिल हैं। जिले में कुल 48,30,135 मतदाता हैं, जिनमें 25,47,931 पुरुष, 22,82,047 महिला और 157 थर्ड जेंडर वोटर शामिल हैं। जिला प्रशासन की पर से मतदान के सुचारू संचालन के लिए 565 सेक्टर दंडाधिकारी, 84 जोनल दंडाधिकारी और 14 सुपर जोनल दंडाधिकारी की तैनाती की गयी थी।मतदान के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी या अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नही हुई। पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि हर मतदान केंद्र पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (CAPF) की तैनाती की गई थी। साथ ही स्टेटिक सर्विलांस टीम और जिला बल भी सक्रिय रही। मतदान केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में कर्फ्यू लागू किया गया था। तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई थी, जिसमें बूथ स्तर, सेक्टर स्तर और जिला स्तर की टीमें शामिल रही। इसके अलावा, प्रत्येक थाना क्षेत्र में जोनल मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई थी ताकि सुरक्षा की निगरानी सतत बनी रहे। वोटिंग के दौरान हर केंद्र पर वेबकास्टिंग की जा रही थी। बड़े टीवी स्क्रीन के माध्यम से जिला नियंत्रण कक्ष से लगातार निगरानी रखी की गई। वहीं, मोकामा और बाढ़ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में वरीय पदाधिकारियों की विशेष प्रतिनियुक्ति की गई थी। मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं दी गई थी। सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे ताकि मतदान प्रक्रिया की पूरी रिकॉर्डिंग की जा सके। इस तरह की व्यवस्था तथा कड़ी निगरानी के बीच बिहार विधानसभा चुनाव की पहली चरण का मतदान शान्तिपूर्ण सम्पन्न हो गया।

# पटना में पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में दिखा उत्साह

## बुजुर्गों ने भी किया बढ़ चढ़कर मतदान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**

पटना/ पहली बार मतदान करने पहुंचे कई युवाओं ने कहा कि यह सिर्फ वोट नहीं, बल्कि बदलाव का अवसर है। मतदान केंद्रों पर युवाओं की भीड़ यह साबित कर रही है कि बिहार का नया मतदाता अब अपने भविष्य को लेकर गंभीर है। पटना में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हुई। सुरक्षा के सख्त इंतजाम, वेबकास्टिंग और प्रशासनिक निगरानी के चलते मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी हुई है। बूथों पर युवा, महिलाएं और बुजुर्ग तीनों ही वर्ग बड़ी संख्या में मतदान किया। इज दौरान पटना जिले के पालीगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या 190 के अंतर्गत काब गांव स्थित मतदान केंद्र संख्या 9 पर मतदान करने बहिलचेयर पर पहुंचे 78 वर्षीय बुजुर्ग महेश प्रसाद सिंह ने



ने कहा कि मेरे मन मे आज भी मतदान करने की लालसा थी। जबकि 90 वर्षीय बुजुर्ग हरिद्वार सिंह को काब गांव स्थित मतदान केंद्र पर मौजूद शुरक्षा प्रहरी ने उन्हें मतदान केंद्र तक बहिलचेयर के सहारे पहुंचने में मदद किया। वही कहा कि मैं खासकर मतदान करने को लेकर ही दिल्ली से अपने गांव काब पहुंचा हूँ। वही 85 वर्षीय उदयचंद्र सिंह ने कहा कि मैं चलन्द से लाचार हूँ फिर भी परिजनों के सहारे मतदान करने बूथ तक आया हूँ। जबकि काब गन्स स्थित बूथ संख्या 11 पर बहिलचेयर के सहारे पहुंचे 98 वर्षीय बुजुर्ग रामाधार सिंह महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लिया। जिले के 14 विधानसभा क्षेत्रों में चल रही यह प्रक्रिया न केवल लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि बिहार का मतदाता अब जागरूक है और अपने वोट की ताकत को समझ चुका है।

# घाटशिला उपचुनाव : अंतिम दिनों में भाजपा को फिर तगड़ा झटका, सैकड़ों लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**समाज जागरण 06.11.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव से ठीक पहले भाजपा को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। गुरुवार को घाटशिला प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए अन्य पार्टी के सैकड़ों ग्रामीणों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का दामन थाम लिया, इनमे ज्यादा संख्या में महिलाए और युवा शामिल रहे.

यह कार्यक्रम झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन की उपस्थिति में हुआ जिसकी अगुवाई पोटका के विधायक संजीव सरदार कर रहे थे. झामुमो के तेज तर्रार नेता और सिसई से विधायक जिग्गा सुसारन होरो भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए जहाँ इन्होंने ग्रामीणों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई और पार्टी का चिह्न दे कर पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में माताओं, बहनों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक स्वर में सोमेश सोरेन की जीत के नारे लगाए। जनसभा को संबोधित करते हूर



प्रत्याशी सोमेश चंद सोरेन ने कहा कि झामुमो सरकार ने गांवों तक विकास की रौशनी पहुँचाई है – सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और योजनाओं का लाभ अब घर-घर तक मिल रहा है। उन्होंने लोगो से कहा कि वे झूठे वादों और भ्रम फैलाने वालों से सावधान रहने की जरूरत है.

विधायक संजीव सरदार ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता समझ चुकी है कौन काम करता है और कौन सिर्फ प्रचार। भाजपा की राजनीति अब फेल हो चुकी है।

उन्होंने आगे कहा – घाटशिला की जनता का विश्वास, झामुमो का हौसला – यही इस चुनाव की असली ताकत है। जिसके बाद सभा में जोश से लबरेज भीड़ ने नारा लगाया – घाटशिला का संदेश, जोहार जोहार सोमेश!

रामदास सोरेन अमर रहें! जिससे सभा गूंज उठा.

सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा की इस ऐतिहासिक समर्थन से यह साफ संकेत मिल चुका है कि घाटशिला में एक बार फिर झामुमो की प्रचंड जीत तय है।

# घाटशिला उपचुनाव में झामुमो के पक्ष में उतरी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)

## काशिफ रजा ने झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन की घोषणा की

**संवाददाता परमबीर पात्रो**
**समाज जागरण**

पूर्वी सिंहभूमः आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) झारखंड प्रदेश ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और जनभावनाओं का गहन विश्लेषण करने के उपरांत यह निर्णय लिया है कि आगामी घाटशिला विधानसभा उपचुनाव (निर्वाचन क्षेत्र-45) में पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रत्याशी श्री सोमेश चंद्र सोरेन को अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करेगी।

इस अवसर पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद काशिफ रजा ने कहा कि आज झारखंड में सामाजिक न्याय, समानता और हक-अधिकार की राजनीति को सशक्त करने की आवश्यकता है। झामुमो उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन एक ऐसे जननेता हैं जो सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए हैं, और जिनकी प्रतिबद्धता झारखंड के आदिवासी, दलित, पिछड़े तथा अल्पसंख्यक समाज के उत्थान के लिए रही है।

प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने कहा कि घाटशिला की जनता को एक ऐसे




मजबूत और जमीनी नेता की आवश्यकता है, जो सभी वर्गों को साथ लेकर चले। उन्होंने विश्वास जताया कि सोमेश चंद्र सोरेन उस उम्मीद पर पूरी तरह खरे उतरेंगे।

उन्होंने बताया कि पार्टी की सभी जिला इकाइयों, संगठनात्मक पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को यह निर्देश दिया गया है कि वे आगामी 11 नवम्बर 2025 को होने वाले मतदान में पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ झामुमो प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएँ। सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जनता से संपर्क स्थापित करेंगे, घर-घर जाकर ॥धनुष॥ चिन्ह के पक्ष में प्रचार करेंगे और मतदाताओं को लोकतांत्रिक भागीदारी के लिए प्रेरित करेंगे।

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा का यह निर्णय न केवल राजनीतिक एकता का प्रतीक है, बल्कि यह झारखंड की अस्मिता, सम्मान और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

पार्टी का मानना है कि सामाजिक न्याय पर आधारित राजनीति ही राज्य के सर्वांगीण विकास की कुंजी है।

# निर्दलीय मृत्युंजय यादव का भव्य रोड शो जनता का मिला आशीर्वाद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर विधानसभा सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी मृत्युंजय यादव ने एक भव्य रोड शो के माध्यम से अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। यह रोड शो बारुण प्रखंड के प्रीतमपुर, मौआर खैरा, सुंदरगंज और दुधार



माली क्षेत्र के कई गांवों से होकर नबीनगर तक चला। इस दौरान मृत्युंजय यादव को अपार जन समर्थन मिला, जिससे उनका हौसला बुलंद हो गया है।मृत्युंजय यादव ने अपने रोड शो में लोगों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। इस रोड शो में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि नबीनगर विधानसभा सीट पर मृत्युंजय यादव की लोकप्रियता बढ़ रही है।मृत्युंजय यादव ने अपने रोड शो के दौरान एनडीए और राजद प्रत्याशियों को कड़ी चुनौती देने का ऐलान किया है।नबीनगर विधानसभा सीट पर राजपूत, यादव और रविदास समुदाय के वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं।इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या भी अच्छी है, जो अक्सर चुनाव परिणाम को प्रभावित करते हैं।नबीनगर विधानसभा सीट पर इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है, क्योंकि यहां पर एनडीए, महागठबंधन और निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला है

# समाजसेवी भुनेश्वर साव के निधन पर ग्रामीणों ने जताया शोक।

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नावाडीह प्रखंड के गुँजरडीह निवासी शहिद पप्पू प्रसाद के पिता भुनेश्वर साव के गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन पर ग्रामीणों में शोक की लहर है। उनके निधन की खबर सुनकर गुँजरडीह एवं आसपास के लोगों में शोक है। वही राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के बोकारो जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता एवं समाज के लोगों ने उसके निधन पर शोक जताते हुए कहा कि समाज के प्रति उन्होंने काफी योगदान दिया



व सामाजिक कार्यो में हमेशा बढ़-चढ़कर रहते थे। हमारे समाज मे शिक्षा की अलख जगाने वाले समाजिक व्यक्ति के निधन होने से अपूर्ण क्षति हुई है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। वहीं रमेश नायक, बुधन साव, बच्चन गुप्ता ,शंकर गुप्ता ,सुदेश साव, जगदीश साव, रविंद्र साहू, विनोद साहू ,सहदेव साहू,जानकी साहू, राजेश साव, सौरव गुप्ता ,मनोज गुप्ता ,सिंटू गुप्ता ,दशरथ महतो वीरेंद्र साव, राजेश नायक, नरेश नायक ,अनूप लाल नायक ,अनूप कुमार, गोपाल साहू ने निधन पर शोक जताया है।

# पशुओं का चारा खाने वालों और जमीन कब्जाने वालों से रहें सावधान– सीएम योगी

पश्चिमी चंपारण, 6 नवंबर। बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए पश्चिमी चंपारण पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बगहा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने बगहा विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी राम सिंह और रामनगर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी नंद किशोर राम को जिताने की अपील करते हुए विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन झूठ का पुलिंदा है। ये वही लोग हैं जो गरीबों की जमीन पर कब्जा करते हैं, पशुओं का चारा खा जाते हैं और नौजवानों की नौकरी में सेंध लगाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि यह धरती माता सीता को शरण देने वाली है, गंडकी नदी की कल-कल धारा जैसे बिहार के अविरल विकास का संकेत दे रही है। उन्होंने कहा कि बगहा और रामनगर के लोगों के लिए जितना पटना निकट है, उतना ही गोरखपुर और अयोध्या भी उनके जीवन से जुड़ा है। योगी आदित्यनाथ ने बिहार की ऐतिहासिक विरासत को नमन करते हुए कहा कि यह वही पावन भूमि है जिसने भगवान महावीर को जन्म दिया, महात्मा बुद्ध को ज्ञान दिया और चाणक्य-चंद्रगुप्त की जोड़ी से भारत को स्वर्ण युग में पहुंचाया। उन्होंने कहा कि बिहार का नौजवान जब-जब अन्याय के खिलाफ खड़ा हुआ, तब-तब इतिहास बदला है। 1975 में जब कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा, तब जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में बिहार का नौजवान सड़कों पर उतरा था।

**कांग्रेस और राजद की नीतियों ने बिहार की गौरवशाली पहचान को कलंकित किया**

सीएम योगी ने कहा कि सामाजिक न्याय के प्रतीक कपूर्री ठाकुर, देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और भोजपुरी संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने वाली गायिका शारदा सिन्हा ये सभी बिहार की इसी धरती की देन हैं। लेकिन कांग्रेस और राजद की नीतियों ने इस गौरवशाली बिहार को पहचान के लिए मोहताज बना दिया, इसे कलंकित किया।

सीएम योगी ने कहा कि राजद के शासन में बिहार जंगलराज में तब्दील हो गया था। लूट, हत्या, अपहरण एक उद्योग बन गया था। 15 साल के राजद शासन में 30,000 से अधिक अपहरण हुए। कानून व्यवस्था ध्वस्त थी।

# सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने किया कॉइन डिस्ट्रीब्यूशन कैंप का आयोजन।

**समाज जागरण 06.11.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

बाजार में आए दिन हो रही नकद लेन-देन की कठिनाइयों और छोटे मूल्यवर्ग के सिक्कों की कमी को देखते हुए आज सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में चेंबर भवन परिसर में कॉइन डिस्ट्रीब्यूशन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य चेंबर से जुड़े व्यापारियों एवं सदस्यों को छोटे सिक्कों की सुविधा उपलब्ध कराना था, जिससे बाजार में नकदी की सुचारू प्रवाह व्यवस्था बनी रहे।




कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष मानव केडिया ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि चैंबर लगातार व्यावसायिक हित में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। लगातार कई दिनों से सदस्यों का सुझाव आ रहा था बाजार में रोजगारी की कमी है और इससे दैनंदिन व्यापार के संचालन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए चैंबर ने विभिन्न बैंकों से संपर्क स्थापित किया और आज केनरा बैंक के सहयोग से इस कॉइन वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। चैंबर महासचिव पुनीत कांवटिया ने कहा कि यह शिविर व्यापारियों के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन से बाजारों में क्रेता विक्रेता दोनों को लाभ होगा।चेंबर के उपाध्यक्ष (ट्रेड एंड कॉमर्स) अनिल मोदी ने कहा कि व्यवसाय के उत्थान के लिए समुचित मौद्रिक व्यवस्था आवश्यक है।बाजार में रोज के लेनदेन में व्यापारी विशेष कर खुदरा व्यापारियों को हो रही दिक्कतों को देखते हुए चैंबर में आज केनरा बैंक के सहयोग से इस शिविर की शुरूआत की गई है।इस शिविर के प्रति व्यापारियों के रुझान को देखते हुए बैंकों के सहयोग से इस कार्यक्रम को नियमित अंतराल में आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा।

कैंप में अतिथि के रूप में उपस्थित केनरा बैंक के प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे मूल्यवर्ग के सिक्कों की उपलब्धता व्यापारिक लेन-देन में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित करती है। उन्होंने चेंबर के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे व्यापारिक समुदाय के लिए उपयोगी कदम बताया।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सचिव ट्रेड एंड कॉमर्स भरत मकानी ने बताया की सिक्कों के आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। चेंबर का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर चेंबर के अनेक सदस्य उपस्थित थे और सभी ने कॉइन वितरण की इस पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष मानव केडिया, महासचिव पुनीत कांवटिया, उपाध्यक्ष अनिल मोदी,राजीव अग्रवाल, सचिव भरत मकानी, विनोद शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल रिंगासिया, कार्य समिति सदस्य मनोज गोयल, अमित संघी एवं अन्य उपस्थित थे।

# डुमरी के प्रवासी मजदूर की गुजरात में मौत, परिवार में छाया मातम।

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : झारखंड से लगातार प्रवासी मजदूरों की मौत, अपहरण और संकट की खबरें सामने आ रही हैं. इसी कड़ी में गिरिडीह जिले के डुमरी विधानसभा स्थित निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रौशनाटुण्डा पंचायत के खेजवाली गांव निवासी श्यामलाल मरांडी के 33 वर्षीय पुत्र अर्जुन मरांडी की गुरुवार को गुजरात में मौत हो गई. अर्जुन गुजरात में मजदूरी का काम करते थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे. उनकी मौत



की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया. वे अपने पीछे पत्नी बसंती देवी,12वर्षीय बेटी सोनिया कुमारी,माँ सावित्री देवी सहित बुजुर्ग पिता को छोड़ गए है। स्थानीय आजसू महिला नेत्री यशोदा देवी परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाई और परिजनों को हर संभव मदद करने की आश्वाशन दी। वही प्रवासी मजदूरों के हितार्थ काम करने वाले समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महातो ने दुख जताते हुए कहा कि झारखंड के युवाओं की प्रवास में मौत अब आम होती जा रही है. रोजगार की तलाश में बाहर जाने वाले मजदूरों की सुरक्षा और अधिकारों की जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए.गिरिडीह, हजारीबाग, धनबाद और बोकारो जैसे जिलों से हर महीने बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों का रुख करते हैं. लेकिन आए दिन उनकी मौत, शोषण या लापता होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं.